


सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 16 अंक - 91 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 13 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# महाकुंभ : लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



## कंपकंपा देने वाली ठंड में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

बता दें इन दिनों उत्तर भारत में कंपकंपा देने वाली ठंड पड़ रही है। घने कोहरे के बीच कंपकंपी वाली ठंड के बाद भी लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। संगम पर आधी रात लाखों श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। कहीं तिल रखने की जगह नहीं बची। आधी रात से ही पौष पूर्णिमा की प्रथम डुबकी का शुभारंभ हो गया। इसी के साथ संगम की रेती पर जप, तप और ध्यान की वेदियां सजाकर मास पर्यंत यज्ञ-अनुष्ठानों के साथ कल्पवास भी आरंभ हो गया। इस बार महाकुंभ में 183 देशों के लोगों के आने की उम्मीद है। इन विदेशी मेहमानों के स्वागत और आतिथ्य के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार की ओर से भव्य तैयारियां की गई हैं।

## गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी के तट पर 45 दिन तक चलेगा महाकुंभ

### सोमवार को पहले स्नान के साथ ही महाकुंभ का आगाज

**प्रयागराज ए.।** उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में सोमवार को पहले स्नान के साथ ही महाकुंभ का आगाज हो गया। कहा जाता है कि समुद्र मंथन के दौरान निकले कलश से छलकीं अमृत की चंद बूंदों से युगों पहले कुंभ स्नान की परंपरा शुरू हुई जो अब भी जारी है। 12 साल में एक बार होने वाले कुंभ स्नान के लिए देश विदेश से श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। एक अनुमान के अनुसार लगभग 60 लाख श्रद्धालुओं ने महाकुंभ का पहला स्नान किया है।

यूपी की संगम नगरी में महाकुंभ मेले का दिव्य और भव्य आगाज हो गया है। पौष पूर्णिमा के साथ ही 26 फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ की की शुरुआत हो गई है। 144 साल बाद दुर्लभ संयोग में रविवार की आधी रात संगम पर पौष पूर्णिमा की प्रथम डुबकी के साथ महाकुंभ का शुभारंभ हुआ। विपरीत विचारों, मतों, संस्कृतियों, परंपराओं स्वरूपों का गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी के तट पर महामिलन 45 दिन तक चलेगा। इस अमृतमयी महाकुंभ में देश-दुनिया से 45 करोड़ श्रद्धालुओं, संतों-भक्तों, कल्पवासियों और अतिथियों के डुबकी लगाने का अनुमान है।

### कुंभनगरी के हर सेक्टर में पुलिस थाने बनाए गए

सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के मकसद से कुंभनगरी के हर सेक्टर में पुलिस थाने बनाए गए हैं। साथ ही, फायर ब्रिगेड की टीमें भी तैनात की गई हैं। कुंभनगरी में कुल 56 अस्थायी थाने बने हैं। 37 हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, जिन्हें हर तरह की आपात स्थितियों से निपटने की ट्रेनिंग दी गई है। कुंभनगरी में सबसे ज्यादा फोकस सेक्टर-18 पर रखा गया है। यहां वीआईपी गेट भी बनाया गया है। इस पॉइंट पर 72 देशों के ध्वज लगे हुए हैं, जिनके नुमाइंदे भी मेले में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद उनकी आगवानी करने की तैयारी कर रखी है। कुंभ मेले में भारी भीड़ के बीच किसी के खोने जैसी बातें आम हैं, लेकिन इसके लिए भी खास तैयारी की गई है। इस बार श्रद्धालुओं की मदद के लिए 15 लॉस्ट एंड फाउंड सेंटर बनाए गए हैं। मेला क्षेत्र में रोजाना 800 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। पहली बार 10 लाख वर्ग फीट में दीवारें पेंट की गई हैं।

### जानिए क्या है कुंभ का पौराणिक महत्व

ज्योतिषियों की मानें तो जब बृहस्पति कुंभ राशि और सूर्य मेष राशि में प्रवेश करता है, तब कुंभ लगता है। त्रिवेणी संगम के कारण प्रयाग का महाकुंभ सभी मेलों में ज्यादा महत्व रखता है। कहा जाता है कि देवताओं और राक्षसों के बीच समुद्र मंथन के दौरान 14वें रत्न के रूप में अमृत कलश निकला था, जिसे हासिल करने के लिए उनमें संघर्ष हुआ। असुरों से अमृत बचाने के लिए भगवान विष्णु ने विश्व मोहिनी रूप धारण कर वह अमृत कलश अपने वाहन गरुड़ को दे दिया। असुरों ने गरुड़ से वह कलश छीनने का प्रयास किया तो अमृत की कुछ बूंदें प्रयागराज, नासिक, हरिद्वार और उज्जैन में गिर गईं। कहा जाता है कि तब से हर 12 साल बाद इन स्थानों पर कुंभा मेला आयोजित किया जाता है। कुंभ मेला बारी बारी से इन सभी चार तीर्थों में आयोजित किया जाता है। इस बार प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में महाकुंभ आयोजित किया गया है।

## दलित एथलीट का यौन शोषण

श्रीकंचनपथ




केरल की एक दलित एथलीट के लगातार हुए यौन शोषण के मामले में पुलिस ने अब तक 27 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें एथलीट का कोच, उसका मंगेतर, मंगेतर के दोस्त तथा अन्य एथलीट शामिल हैं। अब तक 62 रेपिस्ट के नाम सामने आ चुके हैं। एथलीट के बयान के मुताबिक उसका यौन शोषण तब से हो रहा है जब वह केवल 13 साल की थी। तब वह आठवीं की छात्रा थी। उसके पास अपना फोन नहीं था, इसलिए वह आरोपियों के नम्बर अपने पिता के फोन पर सेव करती थी। इसके अलावा उसकी डायरी में भी घटनाओं का जिक्र है। आरोपियों में से कुछ उसके दोस्त हैं जबकि कुछ की उम्र 35 साल के आसपास है। आरोपियों के खिलाफ पोक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जा रही है। इस घटनाक्रम ने देश को हिला कर रख दिया है। भले ही यह खबर हमें विचलित करती हो, किन्तु यदि हम अपने आसपास जरा गौर से नजर दौड़ाएंगे तो पाएंगे कि समाज ऐसे मामलों से भरा पड़ा है। निचले तबके के परिवारों के साथ क्या हो रहा है? वे किन हालातों में जीते हैं? क्यों बच्चियां गायब हो जाती हैं? इसका पता लगाने की फुर्सत सभ्य समाज को नहीं है। वह तो इन्हें बेहया, बदचलन, कहकर इनकी तरफ से आंखें फेर लेता है। वह समाज जो एक युवती को अपनी मर्जी से विवाह करने देने के खिलाफ है, उसके लिए विवाह की न्यूनतम उम्र तय करता है, वही समाज इन पीड़ितों को ही गुनहगार भी ठहराता है। इसे वह कैरेक्टर का मामला मान लेता है। बहुत पुरानी बात नहीं है कि बड़ी संख्या में कोच कच्ची उम्र की खिलाड़ियों को अपनी जागीर समझते थे। ऐसे मामले देश भर से सामने आ चुके हैं। एथलीट्स ने शिकायत भी की है कि टीम में चयन के लिए कोच या चयन समिति के लोगों ने उनका यौन शोषण किया। पर समाज ने इसमें भी राजनीति घुसेड़ दी और कह दिया कि यह कोच को बदनाम करने की साजिश है। दरअसल, सभ्य समाज ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लेता। वह सारा आरोप लड़की के ही मत्थे मढ़कर अलग खड़ा हो जाता है। सुबह-सुबह गरीब बस्तियों के बच्चों के झुण्ड कंधे पर प्लास्टिक का बोरा लेकर कूड़े के ढेर से पन्नियां छांटने निकल जाते हैं। इनमें 8 से 13-14 साल के लड़के और लड़कियां दोनों शामिल होते हैं। कभी-कभी कूड़े के ढेर में ही उन्हें पंचर साल्यूशन के पिचके हुए ट्यूब मिल जाते हैं। वे साल्यूशन का नशा करना सीख लेते हैं। नशे की पिनक में इन्हें किसी बंद दुकान के सामने, किसी झुरमुट में, किसी पुलिया के नीचे सुस्ताते देखा जा सकता है। किसी अपराध बोध से परे ये बच्चे कुछ भी कर सकते हैं। इन बच्चों को आप स्लम-डॉग भी कहें तो कोई आपका मुंह नहीं पकड़ने वाला। फिर इनसे सभ्य समाज वाली नैतिकता की उम्मीद क्यों?

## बाइक सवार दंपति को ट्रक ने मारी ठोकर, पत्नी की मौत और पति घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र में रविवार देर रात सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। वहीं उसके पति की हालत गंभीर है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना खुर्सीपार गेट पर सिग्नल के पास की बताई जा रही है। बाइक सवार दपंति को तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई वहीं उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना के बाद खुर्सीपार पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार हादसा रविवार आधीरात लगभग 11.30 बजे की है। मरोदा सेक्टर के इंदिरा चौक के रहने वाले नीलेश अग्रवाल ट्रांसपोर्ट नगर में हथखोज में नौकरी करता है। उसकी पत्नी खिलेश्वरी भिलाई-3 अपने मायके गई हुई थी। रविवार की रात को काम खत्म कर नीलेश वापसी में ससुराल गया और पत्नी को लेकर मरोदा अपने घर जा रहा था। इस दौरान खुर्सीपार गेट तिराहे पर सिग्नल के पास पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि नीलेश बाइक से दूर जा गिरा। वहीं उसकी पत्नी खिलेश्वरी ट्रक के पहिए की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं नीलेश को गंभीर हालत में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल लाया गया। वहां से उसे दुर्ग रेफर कर दिया गया। इधर हादसे के बाद ट्रक चालक फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।









संपादकीय

# भ्रष्टाचार पर भड़के मंत्री जनता को लगा अच्छा

सरकारी काम जो भी ठेके पर होता है ।उसमें भ्रष्टाचार अनिवार्य रूप से होता है। भ्रष्टाचार होता इसलिए है कि ठेकेदार ठेका अच्छा काम करने के लिए तो लेता नहीं है। ठेकेदार ठेका पैसा कमाने के लिए लेता है। उसको पैसा अपने लिए भी कमाना रहता है और अधिकारियों के लिए भी कमाना रहता है, इसलिए उसका पूरा ध्यान पैसा कैसे कमाया जा सकता है,इस पर रहता है,उसका ध्यान काम कैसे अच्छा हो,इस पर तो रहता नहीं है। इसलिए ठेके में किया गया काम अच्छा होता नहीं है।

उस काम की जांच कर अच्छा काम की रिपोर्ट ठेकेदार को मिल जाती है। काम जमीन पर भले अच्छा न हो लेकिन जब अच्छे काम का प्रमाणपत्र मिल जाता है तो सरकार मान लेती है कि जब ठेकेदार के पास अच्छा काम होने का प्रमाणपत्र है तो उसने काम अच्छा किया होगा। यह तो अच्छा है कि मीडिया सरकार को बता देता है कि ठेकदार ने लाखों रुपए का ठेका लेकर कितना अच्छा काम किया है। सरकार भी अच्छी होती है और मंत्री भी अच्छा होता है तो वह दूसरे दिन अच्छा काम देखने पहुंच जाता है। सड्डू–मोवा ओवरब्रिज के डामरीकरण के लिए पीडब्लूडी ने ठेकेदार को 82 लाख में ठेका दिया। ठेकेदार ने डामरीकरण पांच दिन में किया और इस ओवरब्रिज पर आवागमन शुरू हुआ तो एक घंटे में लोगों को पता चल गया कि ठेकेदार ने कितना अच्छा काम किया है।

> **लोगों को पता चला तो मीडिया को भी पता चल गया कि प्राइम लोकेशन में ठेकेदार ने सड़क डामरीकरण में भ्रष्टाचार किया है। प्राइम लोकेशन में भ्रष्टाचार करने के लिए बड़ी हिम्मत चाहिए।ठेकेदार ने सोचा होगा जैसे पहले होता था, वैसा ही होगा। लेकिन जैसा पहले होता था, वैसा नहीं हुआ। प्राइम लोकेशन का भ्रष्टाचार बड़ा भ्रष्टाचार माना जाता है। मान लिया गया कि ठेकेदार ने बहुत गलत किया है। मीडिया ने माना तो सरकार को मानना पड़ता है। मंत्री को भी मानना पड़ता है। मंत्री अरुण साव दूसरे दिन ही मोवा ओवरब्रिज पहुंच गए। उन्होंने अफसरों व ठेकेदार पर जिस तरह से नाराजगी जताई और पूछा कि कभी ओवरब्रिज बनवाए हो या नहीं, ओवरब्रिज को कितने दिन के लिए बना रहे थे, सीनियर होकर ऐसा काम करते हो, एसडीओ, सब इंजीनियर क्या सीखेंगे, क्वालिटी बहुत घटिया है, कितने दिन टिकती, ठेकेदार ने कहा कि रात के चलते काम में गड़बड़ी हो गई।**

मंत्री ने मौके पर ही जांच करने के लिए टीम गठित कर दी ।इसकी जांच मुख्य अभियंता करेंगे और तीन दिन में जांच रिपोर्ट देंगे। उसमें जिन अफसरों की लापरवाही सामने आएगी,उन पर कठोर कार्रवाई की बात मंत्री ने कही है। शहर व राज्य की जनता को अच्छा लगा कि मंत्री अरुण साव भ्रष्टाचार की खबर पर दूसरे दिन ही मौके पर पहुंच गए और यह और भी अच्छा लगा कि उन्होंने ठेकेदार व अफसरों की अच्छे से क्लास ली। छत्तीसगढ़ बने बीस साल से ज्यादा हो गया है, कोई भी सरकार रही हो, कोई भी पीडब्लूडी मंत्री रहा हो। सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार पर कोई मौके पर पहुंचा ही नहीं, अफसरों व ठेकेदार पर गुस्सा होने की बात दूर है। बीस साल में बीस बार भी पीडब्लूमंत्री ने अफसरों व ठेकेदारों को इसी तरह फटकारा होता तो पीडब्लूडी के अफसर कर्मचारी सुधर गए होते। सड़क बनाने वाले ठेकेदार सुधर गए होते। किसी की हिम्मत नहीं होती ऐसी सड़क बनाने की जिसकी गिट्टी एक दिन या पहली बारिश होते ही उखड़ जाए।

ऐसी सड़के आज भी प्रदेश में बनती हैं, राजधानी रायपुर में ही कई बार ऐसी सड़के बनीं हैं, कई बार सड़कों की ऐसी मरम्मत की गई है कि गिट्टी व डामर को उखड़ने में कुछ ही दिन लगते हैं। सरकार आंकड़ों में बताती है कि इस साल सड़क बनाने में कितने सौ करोड़ खर्च हो गए। सरकार यह नहीं बताती है कि सड़क बनने के कितने दिन बाद ही सड़क खराब हो गई और सड़क बनाने में खर्च किया गया पैसा बेकार गया। बीस साल से ठेकेदार सड़क बनाते रहते हैं, सड़क की गिट्टी डामर उखड़ती रहती है। जनता अच्छी सड़क चाहती है, उसे मिलती नहीं है। यही कड़वा सच है। पीडब्लूडी मंत्री को भी और बहुत से काम होते हैं वह हर सड़क की जांच करने जा नहीं सकते। मोवा ओवरब्रिज पहुंच गए यही बड़ी बात है। जनता को अच्छा लगा। वह तो अपेक्षा करती है कि मंत्री को ऐसा ही होना चाहिए। अच्छे काम की परवाह करने वाला। इससे राज्य व राजधानी में जो काम होगा अच्छा होगा।

नजरिया

# आदमी अब घर से बाहर क्या खाएं?

*हाल में खबर आई है कि आगरा में 18 प्रसिद्ध और बड़ी कंपनियों के नाम से नकली घी तैयार हो रहा था। तैयार घी की पूरे यूपी समेत कई प्रदेशों में सप्लाई होती थी। इस घी से बाजार में फास्ट फूड तैयार होते हैं। पहले भी समय–समय पर नकली घी पकड़ा जाता रहा है। बाजार में पनीर, दूध, मावा और अन्य खाद्य पदार्थ के नकली होने की शिकायतें मिलती रहती हैं। आटा, दाल और अन्य खाद्य सामान भी घटिया क्वालिटी का पकड़ा जाता रहा है।*

अशोक मधुप

पिछले कुछ समय से खाने या पानी में थूकने, पेशाब करने, खाने के बर्तन को नाली के पानी में धोने की शिकायते रहीं हैं। ऐसे में प्रश्न पैदा होता है कि आदमी घर से बाहर अब क्या खाएं? सफर में पेट भरने के लिए आदमी क्या करें? क्या हमें पुरानी स्थिति पर जाना होगा, जब आदमी घर से ही खाना लेकर चलता था। घर का खाना खत्म होने पर फल खाकर काम चलाता था, किंतु बाजार का नहीं खाता था। या अब उसे घर से बड़ी कंपनियों के रेटीमेड फूड पैकेट लेकर चलने होंगे?

आगरा के ताजगंज के मारुति सिटी रोड पर नवविकसित कॉलोनी के प्लॉट में नकली देशी घी तैयार करके पूरे प्रदेश में सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस और एसओजी की टीम ने छापा मारकर अमूल, मधुसूदन, पतंजलि सहित 18 मशहूर ब्रांडों के नाम की पैकिंग में नकली देसी घी जब्त किया है। इसमें रिफाइंड व अन्य कैमिकल की मिलावट की जा रही थी। फैक्टरी के मैनेजर सहित पांच लोग गिरफ्तार किए हैं।

डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि मारुति सिटी रोड पर मारुति प्रभासम कॉलोनी में राजेश अग्रवाल नामक व्यक्ति के प्लॉट में टिन शेड डालकर फैक्टरी संचालित की जा रही थी। प्लॉट किराए पर ले रखा था। पूछताछ में बताया गया कि ग्वालियर निवासी बृजेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, नीरज अग्रवाल का प्योर इट के नाम से देसी घी का ब्रांड है। उन्होंने करीब छह माह पूर्व फैक्टरी खोली थी। कॉलोनी के राजेश भारद्वाज को मैनेजर बनाया था। बाजार से जिस ब्रांड की डिमांड मिलती थी, उसी ब्रांड के स्टिकर लगाकर टिन और डिब्बों में पैक कर दिया जाता था।

प्रेस को यह भी बताया गया कि फैक्टरी में भारी मात्रा में बना हुआ घी, कच्चा माल, कई कंपनियों के स्टीकर, प्रयोग की जाने वालीं मशीन, पैकिंग मशीन आदि बरामद की गई हैं। बरामद माल की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। पुलिस फैक्टरी के संचालक और कर्मचारियों के विरुद्ध अपनी तरफ से मुकदमा दर्ज कर रही है। एफएसडीए की टीम को भी कार्रवाई के लिए बुलाया गया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।



पुलिस ने बताया कि छापे से कुछ देर पहले ही नकली देसी घी के 50 टिन की खेप मेरठ भेजी गई थी। इस माल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि नकली देशी घी प्रदेश के अलावा आसपास के राज्यों में सप्लाई किया जा रहा था।

पॉम आयल, रिफाइंड, वनस्पति और एसेंस से तैयार हो रहा था। सुगंध असली घी जैसी और दाने भी रवेदार, एकबारगी तो पुलिस टीम को भी असली घी का भ्रम हुआ। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि वह खुद मौके पर पहुंचे। सबसे पहला सवाल यह किया कि घी कैसे बनाते थे। आरोपियों ने बताया कि देसी घी की लोगों को पहचान नहीं है। कोई खुशबू देखता है तो कोई दाने। वो लोग पॉम ऑयल, रिफाइंड, वनस्पति घी, कैमिकल को मिलाकर देसी घी तैयार किया करते थे। उसमें एसेंस मिलाते थे। ताकि खुशबू आए। मौके से एक्सपाइरी डेट का रिफाइंड भी मिला। पुलिस ने आरोपियों से पूछा कि इसको क्यों खरीदा। मजदूरों ने बताया कि एक्सपाइरी डेट का माल सस्ता मिलता है। जब वे देसी घी बनाते थे तो इस रिफाइंड का भी प्रयोग करते थे।

आगरा पुलिस के अनुसार बिल्टियों की जांच में पता चला कि नकली देसी घी को राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, असम व बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश के दो दर्जन से ज्यादा शहरों के फास्ट फूड बाजारों में सीधे बेचा जाता था। इसी घी से डोसा, भल्ले, समोसे और आमलेट तक बनाया जाता था। खाद्य और औषधि विभाग ग्वालियर के अनुसार रामनाथ अग्रवाल व उनके परिवार के लोग पहले नकली घी के कारोबार में लिप्त थे और रासुका भी लगी थी।2010 के बाद से इन्होंने ग्वालियर छोड़ दिया था।

इससे पहले 24 नवंबर 2023 को दिल्ली पुलिस ने द्वारका में एक ऐसी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है, जहां मिलावटी घी बनाया जाता था और उसे पतंजलि, मदर डेयरी और अमूल जैसे ब्रांड का स्टिकर लगे हुए कंटेनर में भरकर बेचा जाता था। बाबा रामदेव की नामी–गिरामी कंपनी पतंजलि ब्रांड गाय के घी का सैंपल खाद्य सुरक्षा और औषधि विभाग के द्वारा साल 2021 में दीपावली के पर्व पर टिहरी जनपद के घनसाली में एक दुकान से सैंपल भरा गया था। इसके बाद सैंपल को राज्य की प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया तो, सैंपल फेल पाया गया। खाद्य संरक्षा विभाग के द्वारा कंपनी को नोटिस जारी किया तो, कंपनी ने राज्य की लैबोरेट्री को रिपोर्ट को गलत साबित किया। खाद्य संरक्षा विभाग के द्वारा केंद्रीय प्रयोगशाला में सैंपल भेजा गया तो केंद्रीय प्रयोगशाला में भी बाबा रामदेव की पतंजलि ब्रांड गाय के घी का सैंपल फेल पाया गया।

आज लोगों का घर से निकलना, घूमना, यात्र करना, विभागीय कार्य से बाहर जाना आम बात है। इन लोगों को ऐसे में घर से बाहर ढ़ाबों, होटल औरफास्ट फूड सैंटर से ही पेट भरना होता है। बाजार में नकली दूध पनीर की पहले ही शिकायत रही हैं। अन्य खाद्य पदार्थ की भी शुद्धता की कोई गारंटी नही। बिजनौर जनपद के चांदपुर क्षेत्र में पिछले साल नवरात्रि के अवसर पर बाजार में बिक रहे घटिया क्वालिटी का कूटू का आटा का खाकर काफी व्यक्ति पहले ही बीमार पड़ चुकें हैं। पिछले एक डेढ़ वर्ष से शिकायत मिल रही हैं कि कुछ लोग खाने में थूक रहे हैं। फलों पर पेशाब डालकर छिड़क रहे हैं। ब्रेड में थूका जा रहा है। खाने की सामग्री अपवित्र कर बेची जा रही है।

मानव की फितरत रही है कम पैसा लगाकर ज्यादा से ज्यादा लाभ कमाना। उसे इससे कोई मतलब नहीं कि उसके द्वारा उत्पादित खाद्य सामग्री खाने से खाने वाले पर क्या असर पड़ेगा। नकली सामान तैयार करने वालों को इससे कोई लेना–देना नहीं कि उनके द्वारा तैयार नकली और निम्न क्वालिटी के सामान के प्रयोग करने वाला बीमार होगा या नहीं। क्या असर होगा। वह मरेगा या जिएगा।

इसे मिलावट को रोकने के लिए सरकार का आगे आना होगा। मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी और आजीवन कारावास जैसी सजा, संपत्ति की जब्ती जैसी कार्रवाई अमल में लानी होगी। भोजन को अशुद्ध करने के मामले में धर्म गुरूओं को आगे आकर जनचेतना पैदा करनी होगी। यदि ऐसा न हुआ तो हो सकता है, कि आने वाले समय में आदमी आज से 100 साल पीछे की हालत में चला जाए। यह घर से खाना और सफर में तैयार किए जाने वाले खाने का सामान लेकर चलता। इस सामान के खत्म होने पर यह विवशता में फल आदि खाकर काम चलाता था, किंतु बाजार का कुछ नही खाता था। यह भी हो सकता है कि आने वाले समय में सफर पर जाने वाला अपने साथ बड़ी कंपनी की तैयार खाद्य सामग्री लेकर चले और सफर में उसी से उदर पूर्ति करें।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# कनाडा की नई सरकार भारत से बनायेगी अच्छे संबंध !

अजय कुमार

**कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद हिंदुस्तान में उम्मीद जताई जा रही है कि कनाडा की नई सरकार का भारत के प्रति रूख लचीला होगा। ट्रूडो सरकार जिस तरह से खालिस्तानियों का पक्ष ले रहे थे, उस पर भी लगाम लग सकती है और यदि कनाडा का नया प्रधानमंत्री भारतीय मूल का हुआ तो इसका भी फायदा देश को मिल सकता है। बहरहाल, ट्रूडो के इस्तीफे के बाद भी कनाडा देशवासियों की समस्या का समाधान नहीं हुआ है।**

अब सबसे बड़ी मुसीबत यह है कि आखिर किसे कनाडा का नया प्रधानमंत्री बनाया जाये जो अमेरिका की ट्रंप सरकार के साथ तालमेल रख पाए और भारत जैसे विकासशील देश के भी उससे संबंध अच्छे रहें। भावी प्रधानमंत्री के रूप में कई नाम सामने आ रहे हैं, जिसमें दो भारतीय मूल के भी हैं। इन सब में कंजर्वेटिव नेता पियरे पोलीवरे सबसे आगे हैं। पूर्व वित्त मंत्री और उप प्रधानमंत्री हाल ही में कैबिनेट से इस्तीफा देने से पहले ट्रूडो के सबसे मजबूत सहयोगियों में से एक थे। विदेश मामलों की कमान संभालते हुए उन्होंने देश को अमेरिका और मैक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर फिर से बातचीत करने में मदद की। वह कोविड–19 महामारी के लिए कनाडा की वित्तीय प्रतिक्रिया की भी प्रभारी थीं।

खबरों के अनुसार जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद भारतीय मूल के दो हिन्दू सांसद चंद्र आये और अनीता आनंद भी पीएम पद के मजबूत दावेदार नजर आ रहे हैं। अनीता आनंद



की पहचान एक विद्वान, वकील और शोधकर्ता की रही है। वह टोरंटो यूनिवर्सिटी में कानून की प्रोफेसर रही हैं जहां उन्होंने इनवेस्ट प्रोटेक्शन और कॉर्पोरेट गवर्नेंस में जेआर किंबर चेयर का पद संभाला था। वर्तमान में वह कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार में परिवहन और आंतरिक व्यापार मंत्री हैं। अनीता आनंद ने क्वीन्स यूनिवर्सिटी से राजनीतिक अध्ययन में बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स), ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से न्यायशास्त्र में बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स), डलहौजी यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ लॉ और टोरंटो यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ लॉ की डिग्री हासिल की है। कनाडा की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अनीता आनंद, पियरे पोलीवरे, क्रिस्टिया फ्रीलैंड और मार्क कार्नी जैसे प्रमुख नामों के साथ नेतृत्व की दौड़ अब तेज हो गई है। भारतीय मूल की अनीता आनंद अपने प्रभावशाली शासन और सार्वजनिक सेवा के अच्छे रिकॉर्ड के कारण सबसे मजबूत दावेदारों में एक माना जा रही हैं। बात कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य की कि जाये तो प्रधानमंत्री चुनाव के लिए आर्य ने भी ताल ठोक दी है ।एक वीडियो क्लीप में आर्य ने कहा कि यदि कनाडा की जनता उन्हें निर्वाचित करती है तो तो वे एक कुशल और छोटी सरकार का नेतृत्व करेंगे, जो देश के पुनर्निर्माण और भविष्य की पीढ़ियों के लिए समृद्धि सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा कनाडाई लोगों के लिए सबसे अच्छा काम किया है।

हमें ऐसे साहसिक निर्णय लेने होंगे जो हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए उपयोगी होंगी। चंद्र आर्य ने घोषणा की है कि वह लिबरल पार्टी के नेतृत्व के लिए चुनाव लड़ेंगे। साथ ही उन्होंने कनाडा को संप्रभु गणराज्य बनाने, सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने, नागरिकता – आधारित कर प्रणाली लागू करने और फ्लस्तीन राज्य को मान्यता देने का वादा किया। बात कनाडा की नई सरकार के भारत के साथ सबंध कैसे होंगे इसकी चर्चा हो तो विद्वानों की राय भारत में पक्ष में नजर आ रही है। प्रोफेसर हर्ष वी। पंत का, जो नई दिल्ली स्थित ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के अध्ययन और विदेश नीति विभाग के उपाध्यक्ष हैं ।उन्होंने कहा, कि ट्रूडो ने भारत से निजी कारणों से संबंध बिगाड़े थे, भारत से संबंध सुधारने के लिये जिस तरह की संजीदगी ट्रूडो के इस मुद्दे पर दिखाना चाहिए थी, वो नहीं दिखा रहे थे। उससे दोनों देशों के बीच के संबंधों में काफी नुकसान हुआ। गौतरलब हो, जस्टिन ट्रूडो पिछले कुछ समय से भारत विरोधी बयानबाजी कर रहे थे। इस बीच, कनाडा ने स्टूडेंट वीजा से जुड़ा एक फैसला लिया था, जिससे भारतीय स्टूडेंट्स की दिक्कतें बढ़ गई थीं। यही वजह है कि भारत और कनाडा के बीच तनाव देखने को मिल रहा है। पंत कहते हैं कुछ समय से मुझे लगता है कि ये बिलकुल स्पष्ट था कि जब तक ट्रूडो कनाडा के प्रधानमंत्री बने रहेंगे, तब तक भारत–कनाडा के संबंधों में नया मोड़ जिसकी जरूरत है, वो नहीं आ पाएगा। उधर, वॉशिंगटन डीसी के विल्सन सेंटर थिंक टैंक में साउथ एशिया इंस्टीट्यूट के निदेशक माइकल कुगेलमैन भी भारत और कनाडा के संबंधों को लेकर यही राय रखते हैं ।उन्होंने एक्स पर लिखा, कि ट्रूडो का इस्तीफा भारत–कनाडा के बिगड़ते संबंधों को स्थिर करने का मौका दे सकता है ।विल्सन ने नई दिल्ली ने द्विपक्षीय संबंधों में गहराई तक फैली समस्याओं के लिए सीधे तौर पर ट्रूडो को ज़िम्मेदार ठहराया है ।हाल के वर्षों में कनाडा एकमात्र पश्चिमी देश है, जिसके भारत के साथ संबंध लगातार खराब हुए हैं।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# दिल्ली में भाजपा ने शीशमहल को बड़ा मुद्दा बना दिया

सुनील दास

हर राज्य विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों के पास कई मुद्दे होते हैं, वह जनता से ज्यादा से ज्यादा वोट लेने के लिए जनता के लिए लोकलुभावन वादे भी करते है, योजनाएं भी लेकर आते हैं कि हम महिलाओं को इतना हजार देंगे, पुजारी ग्रंथी को इतना हजार देंगे, युवाओं को इतना पैसा देंगे। कोई कहेगा हम खटाखट देंगे तो कोई कहेगा हम फटाफट देंगे। राज्य में बिजली,पानी,शिक्षा,चिकित्सा फ्री है तो हम आएंगे तो हम भी फ्री करेंगे। यह सरकार पांच लाख तक फ्री इलाज कराएगी तो हम 25 लाख तक फ्री इलाज कराएंगे। यह सरकार महिलाओं को 2100 देगी तो हम 2500 देंगे।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में यह मुद्दे तो हैं लेकिन यह बड़े मुद्दे नहीं हैं। इनको राजनीतिक दल बड़ा मुद्दा नहीं बना सके हैं। भाजपा व मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बना दिया है। वहां के सीएम के लिए बनाए गए शीशमहल को भाजपा ने भ्रष्टाचार का प्रतीक बना दिया है। भाजपा ने ऐसा इसलिए किया है कि वह जनता को बताना चाहती है कि यह केजरीवाल 2015 व 2020 वाला केजरीवाल नहीं है। जो भ्रष्टाचार का विरोध करता था,कहता था भ्रष्टाचार दूसरे करते हैं, हम तो कट्टर ईमानदार हैं। हम तो राजनीति बदलने आए हैं। भाजपा व मोदी दिल्ली की जनता को बता रहे हैं कि यह कट्टर बेईमान केजरीवाल है। यह कहता था हमारी सरकार आएगी तो हम बंगला नहीं लेंगे हम बंगले में नहीं रहेंगे, आज यही केजरीवाल अपने रहने के लिए करोड़ो रुपए की लागत से बने शीशमहल में रहना पसंद करता है। राजनीति बदलने का दावा करनेवाले केजरीवाल भी वही गंदी राजनीति कर रहा है जिसमें भ्रष्टाचार करना अनिवार्य माना जाता है, इसके आने से दिल्ली की राजनीति बदली नहीं है और गंदी हो गई है।

भाजपा की सफलता यह है कि केजरीवाल के शीशमहल को उसने बड़ा चुनावी मुद्दा बना दिया है। इतना बड़ा मुद्दा बना दिया है कि केजरीवाल के फ्री के वादे,हजारों रुपए देने के वादे सब छोटे हो गए हैं। पीएम मोदी ने केजरीवाल और उनकी सरकार की जैसी आलोचना की है, वैसी आज तक कोई नहीं कर सका है, उन्होंने दिल्ली की जनता से कहा है कि केजरीवाल और आप की सरकार दिल्ली के लिए आपदा है। इस बार इसे बदल कर आप आपदा से मुक्ति पाएं। आप और केजरीवाल को शीशमहल व आपदा का जबाव देते नहीं बन रहा है।

वह शीशमहल को पीएम आवास और देश के लिए बन रहे पीएम आवास से तुलना कर जायज बताने का प्रयास कर रहे हैं, वह मांग कर रहे हैं कि जनता को शीशमहल व पीएम आवास देखने की इजाजत मिलनी चाहिए ताकि जनता देख सके कि सीएम रहे केजरीवाल का घर कैसा है और मोदी का घर कैसा है। केजरीवाल के शीशमहल व पीएम आवास की तुलना तो हो नहीं सकती। आप वालों को शीशमहल जनता को दिखाना था तब क्यों नहीं दिखाया जब उसमें केजरीवाल रहते थे, तब तो मीडिया वालों को अंदर घुसने नहीं दिया गया। शीशमहल के मुद्दे को उठाने वाले मुद्दे पत्रकार से बदतमीजी की गई, एक पत्रकार को पंजाब में गिरफ्तार कर लिया था।

आज आप नेता जब मालूम है कि शीशमहल में घुसने नहीं दिया जाएगा, पीएम हाउस में घुसने नहीं दिया जाएगा वह जनता व मीडिया को लेकर शीशमहल व पीएम हाउस जा रहे हैं। शीशमहल और पीएम हाउस की तुलना इसलिए नहीं की जा सकती की शीशमहल बनवाने में भ्रष्टाचार किया गया है। जबकि पीएम हाउस तो बना हुआ है, वहां देश के पीएम रहते हैं ।वह वहां पर और कुछ बनवाते नहीं है, और बनवाने के लिए कोई भ्रष्टाचार नहीं करते हैं। केजरीवाल और आप नेता खुद को मोदी के समान ईमानदार नहीं बता पाते हैं तो यह बताने का प्रयास करते हैं कि देखों केजरीवाल सस्ती कमीज,चप्पल पहनते हैं,सस्ती कार में चलते हैं, मोदी के पास हजारों कपड़ें है वह दिन में कई बार कपड़े बदलते हैं, हजारों करोड़ के हवाई जहाज में विदेश घूमते हैं। दस लाख का सूट पहनते हैं, उनका चश्मा लाखों का है।

केजरीवाल व आप से पहले राहुल गांधी व कांग्रेस भी मोदी की सूट बूट की आलोचना कर चुके है, राहुल गांधी को मोदी सरकार को सूट बूट वाली सरकार कहते थे क्या हुआ मोदी तीन लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं और मोदी की निरंतर आलोचना करने वाले कांग्रेस व राहुल गांधी तीन बार लोकसभा का चुनाव हार चुके हैं। आप और केजरीवाल को कांग्रेस व राहुल गांधी की हार से सबक लेना चाहिए। समझ जाना चाहिए कि वह पीएम मोदी जैसे ईमानदार कभी नहीं हो सकते। केजरीवाल तो दस साल में सत्ता पाकर बेईमान हो गए। कहा कुछ और किया कुछ। मोदी तो कई बार सीएम व तीन बार पीएम बनने के बाद भी उतने ही ईमानदार है, जितने सीएम व पीएम नहीं बनने के पहले थे।

**(ये लेखक के विचार हैं)**

महक सेनीटेशन
आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरुम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

KJ कांतिलाल ज्वेलर्स
सोने, चांदी एवं गोल्ड जेवरों के निर्माता एवं विक्रेता
सदर बाजार, दुर्ग, 0788-2210274, 4038274
40 ,आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, फोन: 4060274
Kantilal_jewel@yahoo.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

विशाल ज्वेलर्स
BIS - 916 100% Hallmarked
आभूषण लेना तो हॉलमार्क लेना
नया सराफा, जवाहर चौक, दुर्ग
मो.-9827906406

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110




# श्रीकंचनपथ

भिलाई–दुर्ग


ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएँ
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544




## खास खबर

### 'संविधान एवं भारत की संकल्पना' पर प्रोफेसर आरिफ का व्याख्यान कल

**भिलाई।** पार्क फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ की ओर से भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संविधान संवाद श्रृंखला के अंतर्गत संविधान संवाद-2 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सिविल सोसाइटी दुर्ग-भिलाई और पार्क फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 14 जनवरी मंगलवार को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर मोहम्मद आरिफ का व्याख्यान भिलाई में रखा गया है।



नागरिक अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध पूरे देश में सम्मानित शिक्षाविद, अध्येता इतिहासकार प्रोफेसर आरिफ यहां 'संविधान एवं भारत की संकल्पना' विषय पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करेंगे। भिलाई में यह आयोजन दोपहर 1 बजे से कॉफी हाउस सुपेला में होगा। सेंटर फॉर हारमनी एंड पीस के चेयरमैन प्रो आरिफ अपने व्याख्यान के द्वारा सामाजिक न्याय, समानता, सद्भाव, सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता के लिए लम्बे अरसे से शिद्दत के साथ पूरे देश में सक्रिय हैं।

### स्वच्छता बेहद जरूरी, शहर की पहचान स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई है: कमिश्नर

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कलेक्टर, निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर शहर की सफाई को लेकर लगातार कमिश्नर सुमित अग्रवाल काफी सख्त नजर आए।उन्होंने स्वच्छता दीदीयों, सुपर वाइजर सहित स्वच्छता कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाए।इसमें कोताही बर्दाश्त बिल्कुल भी नहीं की जाएगी। इसके लिए कमिश्नर अग्रवाल रोजना स्वयं सुबह से विभिन्न वार्डों में पहुंचकर साफ सफाई व्यवस्था का जायजा भी ले रहे हैं। सोमवार को सुबह नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड- कातुलबोर्ड, रायपुर नाका सहित स्टेशन रोड भ्रमण किया साथ ही साथ सफाई व्यवस्था का जायजा भी लिया। इस दौरान कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कुनाल, राहुल सहित टीम अमला मौजूद रहें। वार्डों में साफ-सफाई को लेकर काफी गंभीरता बरती जा रही है। बता दें कि नगर निगम को स्वच्छता व साफ-सफाई के लिए कई राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड भी मिल चुका है। इस उपलब्धि को बरकरार रखने के लिए नगर के कमिश्नर सहित अधिकारी/कर्मचारी काफी एहतियात बरत रहे हैं। सफाई व्यवस्था को लेकर भी स्वास्थ्य विभाग टीम नगर निगम द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों को स्वच्छता को लेकर दिशा निर्देश जारी किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बेहद जरूरी है। शहर की पहचान स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई है। अलावा चौक चौराहा, गार्डन एवं सार्वजनिक स्थानों के साफ-सफाई भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों को निर्देश दिए कि वह स्वच्छता के लिए कोताही न बरतें। साथ ही साथ निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लगातार फील्ड में जाकर मानिटरिंग भी करते रहे।

# राजन जैसा संत पैदा होना मुश्किल है: सांसद बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। संत पंडित राजन शर्मा की स्मृति एवं संस्मरण सभा अग्रसेन भवन दुर्ग में आयोजित की गई थी जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से उनको मानने वाले अनुयाई बड़ी संख्या में दुर्ग पहुंचे थे। दोपहर 2:00 बजे से 4 तक यज्ञ हवन अनुष्ठान का कार्य संपन्न हुआ उसके पश्चात अग्रसेन भवन के प्रांगण में संत प राजन शर्मा की संस्मरण सभा प्रारंभ हुई। संस्मरण सभा में बतौर अतिथि सांसद दुर्ग लोकसभा क्षेत्र श्री विजय बघेल, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे ।



लगातार 33 वर्षों से हरिद्वार गायत्री शक्तिपीठ जीवनदानी शांती कुंज हरीद्वार में अपनी सेवा देने वाले संत श्री कालीचरण जी शर्मा का इस आयोजन हेतु विशेष आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में पंडित राजन शर्मा से जुड़ी अनेक बातों को याद किया और कहा इस धरती पर संत राजन शर्मा जैसा संत होना अति दुर्लभ है । संस्मरण सभा में दुर्ग सांसद विजय बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा विगत 30 वर्षों से अधिक समय से मैं राजन महाराज जी का लगातार सानिध्य का रहा हूं उनका प्रत्यक्ष आशीर्वाद और मार्गदर्शन मुझे सदा प्राप्त होता रहा है जब जब भी उनसे जुड़े किसी भी कार्य हेतु मुझे आदेश होगा मैं इसके लिए सहर्ष तैयार रहूंगा ।

दुर्ग नगर विधायक गजेंद्र यादव ने आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा में भी महाराज जी को बहुत वर्षों से जानता हूं मुझे भी उन्हें जानने का समझने का अवसर कई बार मिलता रहा है सरल सहज मिलनसार मृदु भाषी संत राजन शर्मा जी का व्यक्तित्व अनेक गुणों से भरा है जो एक बार संत राजन शर्मा का दर्शन करता था मिलता था वह उन्हीं का हो जाया करता था उनका किसी बात को समझना अनुसरण करने का तरीका बताना लोगों को अपनी ओर प्रेरित करता था ऐसे संत दुनिया में कभी-कभी ही जन्म लेते हैं ।

पंडित राजन शर्मा को मानने वाले देश ही नहीं विदेशों में भी उनके अनुयाई रहते हैं इस आयोजन में वे प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित नहीं हो सके लेकिन अपनी वेदना और संवेदना को व्हाट्सएप के माध्यम से वीडियो संदेश में व्यक्त किया इसी क्रम में स्विट्जरलैंड से श्रीमती मेटे ब्रांट, श्री हनु ने भी इंडिया नहीं पहुंच पाने पर अफ्सोस जाहिर किया और महाराज जी से जुड़े संस्मरण को याद किया। आयोजित संस्मरण सभा को डॉ ओम तिवारी, कृष्ण कुमार विनोद, साईं प्रसादालय से संत श्री मुकेश तिवारी प्रफुल्ल संचेती पूर्व महापौर शंकर लाल ताम्रकार डॉ ए के सिंह राजेश ताम्रकार डामन लाल वर्मा रजनी ताम्रकार विद्या गुप्ता राकेश शर्मा बसंत कश्यप ध्रुव दास महंत ने भी महाराज जी से जुड़े प्रेरक प्रसंग को याद करते हुए उन्हें अपने श्रद्धा सुमन व्यक्त किया । कई लोगों की संस्मरण सुनाते ओर सुनते आंखें भर आई संस्मरण सभा के दौरान सभी ने यह महसूस किया भले ही राजन महाराज जी सह शरीर हमारे साथ नहीं है पर वे सूक्ष्म रूप में हम सभी के साथ हैं जब-जब हम उनको याद करेंगे तब तक उनका दिव्य आशीर्वाद और मार्गदर्शन हम सभी को मिलता रहेगा गुरु भक्तों ने यह भी तय किया राजन महाराज जी से जुड़े संस्मरण को याद करने के लिए हम सभी लगातार मिलते-जुलते रहेंगे संस्मरण सभा का सुंदर संयोजन गुरु भक्त संत मंगलम दास मंगलम ने किया सभा का संचालन करते हुए उन्होंने भी राजन महाराज से जुड़े संस्मरण को आयोजित सभा में साझा किया ।


पंडित राजेंद्र शर्मा की संस्मरण सभा के सुंदर आयोजन में अशोक तिवारी, सतीश चंद्राकर शिव अग्रवाल, नरेंद्र मिश्रा प्रफुल्ल संचेती डॉ रंजन साहू राम सर पिथोराजी नरेंद्र मिश्रा करुणा चंद्राकर उषा मिश्रा भरत साहू रामा भास्कर मनोज ताम्रकार चंदर मकाने सहित राजन महाराज जी पर आस्था ओर विश्वास रखने वाले गुरु भक्त परिवार विशेष रूप से उपस्थित थे।

# रिखी का समूह इस गणतंत्र दिवस दिल्ली में बिखेरेगा छत्तीसगढ़ी संस्कृति

**24 से 27 जनवरी तक देश-विदेश के अतिविशिष्ट मेहमानों और आम जनता के समक्ष होगी प्रस्तुतियां**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय और उनका समूह इस साल राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस पर देश की राजधानी नई दिल्ली में लोकनृत्यों के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रदर्शित करेंगे। गणतंत्र दिवस पर प्रत्येक राज्य से सिर्फ एक-एक कला दल को अवसर मिलता है।



जिसमें संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन की ओर से इस बार रिखी क्षत्रिय के समूह लोकरागिनी मरोदा सेक्टर भिलाई को भेजा है। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि 24 जनवरी से 27 जनवरी तक राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह और भारत पर्व का आयोजन लाल किले में होगा। जिसमें देश-विदेश के अतिविशिष्ट मेहमानों के साथ-साथ आम जनता के लिए भी सांस्कृतिक कार्यक्रम अलग-अलग दिन होंगे।

यहां रिखी और उनका समूह विविध छत्तीसगढ़ी लोकनृत्यों की प्रस्तुति देगा। इनमें आदिवासी नृत्य--गौर शिकार नृत्य, बैगा करमा नृत्य, ठिसकी नृत्य, माड़ी करमा नृत्य एवं मांदरी नृत्य बस्तर, कवर्धा जिला, सरगुजा जिला दंतेवाडा जिला, कांकेर जिला आदि जिले के आदिवासियों के लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी जाऐगी साथ में छत्तीसगढ के बारामासी गीत नृत्य एवं झांकी की प्रस्तुति दी जाएगी। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि 25 कलाकारों का समूह 23 जनवरी को नई दिल्ली के लिए रवाना होगा। फिलहाल सभी कलाकार छत्तीसगढ़ी लोकनृत्यों की तैयारी कर रहे हैं। इस समूह में रिखी क्षत्रिय के साथ कुलदीप, पारस, संजीव, प्रदीप, नवीन, प्रमोद, भीमेश, जया लक्ष्मी, लीना, तुलेश्वरी, नेहा देवांगन, प्रियका, हेमा, ओमेश्वरी, गीतांजलि, राम कुमार पाटिल, डोरेलाल, उग्रसेन, राजेश, अजित, सुनील, शिवम, वेन और चंचल शामिल हैं।

**साइकिल पोलो चैंपियनशिप 2024-25**

# छत्तीसगढ़ की शानदार शुरुआत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के सहित विनायक चन्नावार ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रानाघाट, पश्चिम बंगाल में 39वीं सब जूनियर बालक 43वीं जूनियर बालक 45वीं सीनियर पुरुष तथा 18वीं पुरुष फेडरेशन कप राष्ट्रीय साइकिल पोलो चैंपियनशिप 2024 25 का आयोजन दिनांक 11 से 15 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है। आज खेले गए लीग मैचों में छत्तीसगढ़ ने अच्छी शुरुवात की । फेडरेशन कप में छत्तीसगढ़ ने अपने प्रथम लीग मैच में मेजबान टीम पश्चिम बंगाल को 10 के मुकाबले 7 गोलों से परास्त कर अपनी विजय की शुरुआत की।



इस मैच में शैलेंद्र, विकास, रोहन, माधव एवं शेखर ने 2-2 गोल किए।

अगले सब जूनियर वर्ग के प्रथम लीग मैच में छत्तीसगढ़ टीम का मुकाबला मेजबान टीम पश्चिम बंगाल से हुआ । छत्तीसगढ़ ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए पश्चिम बंगाल को 7 के मुकाबले 1 से परास्त किया। इसके पश्चात फेडरेशन कप में इंडियन आर्मी ने छत्तीसगढ़ को 6-3 के स्कोर से पराजित किया।

### प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना पथ विक्रेताओं के लिए वरदान

**दुर्ग।** शहरी पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि-योजना से प्रथम किस्त दस हज़ार द्वितीय किस्त मे बीस हज़ार तथा तृतीय किस्त पचास हज़ार तक के ऋण बैंकों के माध्यम से दिलाए जाने हेतु विभाग ने निरंतर प्रयास जारी है। अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को योजना से जोड़कर स्वनिधि से समृद्धि के तहत दुर्ग क्षेत्र अन्तर्गत व्यवसाय करने वाले सभी पथ विक्रेताओ के परिवार के सदस्यों का सोशल प्रोफाइलिंग का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाना है। ताकि इन्हें शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी दिलाया जा सके स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, के साथ साथ वन नेशन वन राशन कार्ड योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी विभिन्न योजनाओं से पथ विक्रेता व उनके परिवार के सदस्यों को पात्रता के आधार पर लाभान्वित किया जाएगा। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर पालिक निगम टीम द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के सफल संचालन हेतु हर संभव प्रयास फील्ड पर किया जा रहा है।

# दो दिवसीय करियर गाइडेंस, उद्यमिता विकास और संविधान जानो कार्यक्रम 18 से

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दो दिवसीय करियर गाइडेंस, उद्यमिता विकास और संविधान जानों कार्यक्रम 18 और 19 जनवरी को डॉ अंबेडकर भवन (पुराना बीएसपी स्कूल), रेलवे अंडरब्रिज के सामने, सेक्टर 6 भिलाई नगर में रखा गया है। डॉ अंबेडकर एक्जीक्यूटिव फ्रेटरनिटी भिलाई, सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन छत्तीसगढ़, एनस्टेप छत्तीसगढ़ और मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क होगा।



आयोजन समिति की ओर से विश्वास मेश्राम ने बताया कि 18 जनवरी शनिवार सुबह 10 बजे उद्घाटन सत्र होगा। मुख्य अतिथि एम डी कावरे (आईएएस) डिविजनल कमिश्नर, रायपुर और बिलासपुर संभाग, अति विशिष्ट अतिथि, डॉ रतन लाल डांगी (आईपीएस) महानिदेशक छत्तीसगढ़ पुलिस अकादमी, रायपुर, दिलीप वासनीकर (आईएएस) कमिश्नर डिपार्टमेंटल इंक्वायरी छत्तीसगढ़ रायपुर, अनुराग मेश्राम (आईआरएस) मुख्य कार्मिक अधिकारी, सेंट्रल रेलवे मुंबई, भगवान गवई, बिजनेस टायकून, पुणे और एस एल मात्रे-पूर्व जज, राज्य औद्योगिक न्यायालय, रायपुर होंगे। अध्यक्षता एल उमाकांत, प्रथम सीजीएम-एससी एसटी वर्ग भिलाई स्टील प्लांट और अध्यक्ष -मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल भिलाई करेंगे।

अतिथियों के उद्बोधन के उपरांत प्रशिक्षण सत्र होगा। जिसमें प्रभाकर खोबरागड़े - ए ई एफ अनिल कुमार बनज-सोजलीफ अजय कुमार कोल्हे एनस्टेप और एल उमाकांत-मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल शामिल होंगे। रिसोर्स पर्सन भगवान गवई पुणे और डॉ. अनुराग मेश्राम मुंबई होंगे। दोपहर 2 बजे से रिसोर्स पर्सन एस एल मात्रे रायपुर, सुधीर रामटेके भिलाई, संजय गजघाटे, मोटिवेशनल स्पीकर, संयुक्त संचालक, उद्योग विभाग रायपुर, डॉ जितेंद्र सिंगरौल, यंग साइंटिस्ट अवॉर्डी, ओबीसी महासभा, रायपुर और फगू लाल नागेश मोटिवेशनल स्पीकर, ट्राइबल हिस्ट्री एवं कल्चर स्कॉलर, गरियाबंद छत्तीसगढ़ होंगे।

शाम 4 बजे से प्रशिक्षण सत्र में संजीव सुखदेवे, मोटिवेशनल स्पीकर, पूर्व ज्वाइंट डायरेक्टर इंडस्ट्रीज, छत्तीसगढ़, सुमेघराज प्रशासनिक, मोटिवेशनल स्पीकर भिलाई, डा अमित टंडन मोटिवेशनल स्पीकर कुरूद धमतरी, अजय कुमार कोल्हे राज्य सचिव एनस्टेप, एनआईटी रायपुर, अभिनंदन बाला प्रबंधन विशेषज्ञ, भिलाई, अखिल राज निगम भिलाई और उमेश महिलानी मार्गदर्शन देंगे। शाम 6 बजे से सामाजिक आर्थिक बदलाव के लिए काम कर रहे छत्तीसगढ़ के सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं की बैठक की अध्यक्षता भगवान गवई मुंबई करेंगे।

# सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का चौथा जत्था कांकेर से पुणे के लिए रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** 16वाँ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत दिनांक 12 जनवरी 2025 को जिला कांकेर, छत्तीसगढ़ के अति दुर्गम एवम् नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से 21 आदिवासी युवा लड़के एवं 19 युवा लड़कियों के चौथे जत्थे को रायपुर रेलवे स्टेशन से पुणे (महाराष्ट्र) के लिए रवाना किया गया। सीमा सुरक्षा बल के 02 पुरूष सुरक्षा अधिकारी और 02 महिला सुरक्षा अधिकारी भी इनके साथ रवाना हुए। ये जत्था पुणे में भारत के विभिन्न राज्यों के अन्य आदिवासी युवाओं से मिलकर अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू होगा।




इस कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी युवक एवं युवतियों को उनके उज्ज्वल भविष्य तथा अधिकार के बारे में उचित व उपयुक्त जानकारी प्रदान की जायेगी, साथ ही साथ अन्य राज्यों से भाग लेने वाले युवक-युवतियों के बीच मेल-मिलाप बढ़ेगा, जिससे वे एक-दूसरे के खान-पान, रहन-सहन, सांस्कृतिक गतिविधियाँ एवं वेशभूषा से रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम में सभी राज्यों के स्थानीय लोक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। साथ ही पुणे के प्रसिद्ध, दर्शनीय एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। MY भारत, नई दिल्ली, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में 16वाँ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की अवधि 07 दिन है। छत्तीसगढ के कांकेर और नारायणपुर जिले में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के नक्सल प्रभावित इलाके से इस वर्ष कुल 13 भ्रमण कार्यक्रमों के अतंर्गत 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के 500 चयनित युवा भाग ले रहे है।

इस आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में संवैधानिक अधिकारियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संवाद सत्र, पैनल चर्चा, व्याख्यान सत्र, भाषण प्रतियोगिता, कैरियर संबंधी मार्गदर्शन, चल रहे खेल आयोजनों के बारे में जानना शामिल है। इसके अलावा प्रतिभागी पुणे के उद्योगो एवं सुरक्षा बलों के कैम्पो का भ्रमण करेंगे।

### विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 25 जनवरी तक

**दुर्ग।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जिले की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार तथा मानव संसाधन नीति 2018 में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/जिला स्वास्थ्य समिति जिला दुर्ग के अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनोज दानी ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से 25 जनवरी 2025 तक कार्यालयीन समय में सायं 05.30 बजे तक स्वीकार किया जायेगा। अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।


मेट्रो
सूट स्पेशलिस्ट टेलर्स
शॉप नं. 271, सी-मार्केटसेक्टर-6, भिलाई
मो. : 9993982019 . 9424106199



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65





Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...




### आयुक्त ने की निगम लोक कर्म विभाग के कार्यों की समीक्षा

**रायपुर।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में नगर निगम के सभी जोनों के कार्यपालन अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं की बैठक अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय। उपायुक्त राजेश्वरी पटेल, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर की उपस्थिति में लेकर नगर निगम लोक कर्म विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

आयुक्त ने सभी जोनों के कार्यपालन अभियंताओं और सहायक अभियंताओं को सभी प्रगतिरत विकास कार्यों को शीघ्र तय समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने निर्देशित किया है कि विकास कार्यों में नगर निगम की तकनीकी टीम रहकर फील्ड में जाकर विकास कार्य करवाये और नगर निगम मुख्यालय के अधिकारीगण प्रगतिरत सभी विकास कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करें, ताकि सभी विकास कार्य समयसीमा में गुणवत्तायुक्त रूप में शीघ्र पूर्ण हों।

### पुष्प प्रदर्शनी में चंद्रलेखा पांडेय को बोनसाई वर्ग में मिला द्वितीय पुरस्कार

**रायपुर।** राजधानी के गांधी उद्यान में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, उद्यानिकी विभाग एवं प्रकृति की ओर सोसाइटी द्वारा रायपुर स्थित गांधी उद्यान में फल, सब्जी व पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 10 जनवरी से 12 जनवरी तक किया गया। यहां प्रदेश स्तरीय फल, फूल, सब्जी प्रदर्शनी के साथ साथ प्रतियोगिता का भी




आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगितया में बोन्साई/एडीनियम वर्ग में सफायर ग्रीन निवासी श्रीमती चंद्रलेखा पांडेय को द्वितीय पुरस्कार मिला। श्रीमती चंद्रलेखा पांडेय ने बताया कि उन्हें बोन्साई का शौक है और पिछले 30 वर्षों से वे कई प्रजाति के पौधों की बोन्साई तैयार कर उनकी देखभाल कर रही हैं। उनके पास कई प्रजाति के पौधों, पेड़ों के बोन्साई मौजूद हैं। इस प्रतियोगिता के अलावा उन्होंने कई अन्य प्रतियोगिताओं में भी पुरस्कार जीता है।

# नन्हे-मुन्ने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल द्वारा संचालित पंडित मुन्नालाल शुक्ल स्मृति आशीर्वाद हायर सेकेंडरी इंग्लिश स्कूल में 10 जनवरी को वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। नन्हे-मुन्ने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। ठंड के मौसम के बावजूद बच्चों और अभिभावकों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी।

कार्यक्रम में नर्सरी और यूकेजी के बच्चों की विशेष प्रस्तुति देखने के लिए भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रस्तुत महाभारत के नाट्य रूपांतरण और शिक्षा व अभिभावक-थीम पर आधारित नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। भारत के विभिन्न राज्यों की झलक प्रस्तुत करते हुए बच्चों ने अनेकता में एकता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ समाज को जागरूक करने वाले



संदेश भी दिए गए। नाटकों के माध्यम से छात्रों के आत्महत्या के प्रयासों को रोकने और समाज में बढ़ती नशा प्रवृत्ति के दुष्प्रभावों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर उत्तर के लोकप्रिय विधायक पुरंदर मिश्रा ने की। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने शिक्षा में भारतीय संस्कृति के समावेश पर जोर दिया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित डी.ई.ओ. प्रतिनिधि सुरेश अवस्थी और संकुल समन्वयक जुबैर नौशाद ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की। कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल के अध्यक्ष अरुण शुक्ला ने सभा द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख किया। सचिव सुरेश मिश्रा ने बच्चों और शिक्षकों को उनकी कड़ी मेहनत और सफलता के लिए बधाई दी।

कार्यक्रम में पं. अरुण शुक्ल, पं. सुरेश मिश्र, पं. राघवेंद्र मिश्र, श्रीमती निशा अवस्थी, पं. संतोष दुबे, पं. गौरव शुक्ल, पं. अतुल पांडे, और शिक्षा मंडल के अन्य कार्यकारिणी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह का समापन बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# समाज व सिनेमा एक ऐसा आइना है जिसमें दोनों तरफ से प्रतिबिंब दिखाई पड़ता है-जावेद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के मेफेयर लेक रिसॉर्ट में आयोजित ऑल इंडिया स्टील कॉनक्लेव 02 में शनिवार शाम मोटिवेशनल सत्र में पद्मश्री जावेद अख्तर शामिल रहे, उन्होने समाज व सिनेमा को एक ऐसा मिरर बताया जिसमें दोनों तरफ से प्रतिबिंब दिखाई पड़ता है। शोले व दीवार फिल्म से लेकर आज के दौर की सिनेमा, कहानी, कलाकारों पर उन्होने विचार रखे वहीं एक गंभीर लेखक व साहित्यकार होने के नाते भाषा की शुद्धता से लेकर कहावतों व मुहावरों पर भी बात की। यदि आज कोई मुहावरा कह दे तो लोग कहेंगे कौन सी सेंचुरी का आदमी है यह? सिनेमा व स्टील इंडस्ट्री में काम की समानता को लेकर किए गए एक सवाल पर कहा कि सिनेमा ज्यादा मुश्किल है। स्टील इंडस्ट्री में जिस प्रकार तेजी मंदी का अभी दौर चल रहा है क्या कुछ ऐसा ही हाल फिल्म इंडस्ट्री का है, इस पर उन्होने हामी भरी।

जावेद अख्तर ने कहा कि समाज में आज भाषा छूप गई है हम अपने बच्चों को इंग्लिश की शिक्षा देना ज्यादा जरुरी समझ रहे है, यह अच्छी बात है लेकिन उन्हें हिन्दी की पुस्तकें तो पढ़ाना पहले सिखाओ। हमारा बच्चा आज पुराने गानों को सुनना और पुरानी फिल्मों को देखना पसंद नहीं करते है लेकिन जब हम उन्हें इस बारे में बताएंगे नहीं तो वे आजकल जो फिल्में बन रही है वही वे देखने जाएंगे इसके लिए हमारा समाज भी जिम्मेदार है क्योंकि हम लोग जैसा देखना चाह रहे है फिल्मी दुनिया वाले वैसी ही फिल्में बना रहे है। पहले की फिल्में बहुत चलती थी लेकिन आजकल की फिल्में पर्दे से जल्द उतर जाती है क्योंकि हमारे डायरेक्टरों और निर्माताओं ने गांव की तरफ रुख करना छोड़ दिया है। हम जब फिल्म बनाते थे तो गांव में कैसा माहौल होगा, उन्हें क्या चीज ज्यादा देखना पसंद है यह देखते थे लेकिन आज कल के डायरेक्टर और निर्माता यह सोचते है कि उनकी फिल्म शहरों में चल जाए बस, गांव वाले चाहे देखे या न देखे।




जावेद साहब ने कहा कि आदमी को अपनी तरक्की पर कभी घमण्ड नहीं करना चाहिए और अपनी तकलीफें और बूरे दिन को भूलना भी नहीं चाहिए। जब हम बुरे वक्त से गुजर जाते है तो अलग-अलग तरीकों उसे बचाते भी है। असल में हम यह बताते कि हम आए कहां से है, बताते यह है कि हम पहुंचे कहां तक है, इसमें भी एक घमण्ड है, ऐसा हमें कभी नहीं करना चाहिए। एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा गाना के लिए मुझे चंद मिनट ही लगे, मुझे याद ही नहीं था कि किसी फिल्म के लिए इस प्रकार का गाना लिखा है। मैंने डायरेक्टर और बर्मन साहब के पास ये चंद लाइन बोल दिया, बस ओके हो गया और इसके दो-चार बोल बाद में लिखे गए। जब हम लोग पहले गाना लिखते थे तब सिचवेशन को देखकर लिखते थे, जब मैंने यह गाना लिखा और इस सीन पर इसे डाला जाना चाहिए बोला तो डायरेक्टर भी अचरज में पड़ गए कि इस सीन पर कैसे गाना आ सकता है फिर भी मेरे कहने पर उन्होंने यह सीन क्रियेट किया और आज यह गाना बहुत लोगों की जुंबा पर है।

सारी कहानी, म्युजिक क्रियेटिव नहीं है, क्रियेटिव का मतलब यह है जो किसी ने ना किया हो वो तुम करो। एक दिन वही गाने लिख रहा है जो उन्होंने 25 बार लिखा है, ये क्रियेटिव नहीं है, ये तो एल्युमेंट कर रहा है। क्रियेटिविटी का मतलब नये अंदाज से सोचने पर लिखा गया हो। जैसे आपकी स्टील इंडस्ट्रीज है जो अभी काफी ग्रोथ कर रहा है लेकिन जब कठिनाई का दौर आया था तो उसे कैसे सामना करना पड़ा था, यह सोचना होता है, ये क्रियेटिव होता है। अगर हम अपने काम में वही सब चीजें देंगे तो लोग उसे पसंद नहीं करेंगे, उसी तरह हमारा इंडस्ट्री भी है। भोपाल मेरे लिए इनवाइटेड क्षमा क्योंकि मैं वहां सिर्फ 4 साल रहा हूं मेरी पूरी पढ़ाई लखनऊ में हुई है। स्कूल की पढ़ाई और कॉलेज यहां से किया हूं और बीच में कहीं और था। 15 वर्ष की उम्र में मैं भोपाल गया और 19 वर्ष की उम्र में मुंबई आ गया था।।

फिल्म शोले के हर किरदार करने वाले को आप जानते है, गब्बर सिंह हो या मौसी माँ इन सबसे अपने अभिनय के जरिए यह मुकाम हासिल किया है लेकिन अभी वर्तमान में आपसे यह पूछा जाए कि तुमने कुछ महीने पहले फलाना-फलाना फिल्म देखी तो उसमें किसने तुम्हारा हंसाया रुलाया, तुम नहीं बता पाओगे। शोले फिल्म उस दौर की काफी लंबी फिल्म थी और इस 15 अगस्त को उसे 50 साल हो जाएंगे वैसे ही दीवार फिल्म भी मार्च में अपना 50 साल पूरा कर रहा है।

फिल्मों के लिए गाने और डायलॉग तो बहुत लिखे लेकिन कलाकारों की बात करें तो फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कभी शिकायत नहीं की बल्कि जो वो लिखते थे उससे कहीं ज्यादा वे किरदार में घुस जाते थे। डायलॉग बोलने वाले को लोग जानते है लेकिन लिखने वाला हमेशा पीछे ही रहता है। लोगों ने कई सारे सवाल भी जावेद अख्तर से किए और उन्होने जवाब भी दिए। अंत में आयोजकों ने उन्हे स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

# आयुर्वेदिक कॉलेज में डिजिटल साक्षरता पर आधारित कार्यशाला में पहुंचे निगम आयुक्त




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के हाल में रायपुर नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता एवं रायपुर नगर पालिक निगम की उपायुक्त डॉ अंजलि शर्मा की विशेष उपस्थिति में कॉलेज के विद्यार्थियों हेतु डिजीटल साक्षरता पर आधारित कार्यशाला का आयोजन रखा गया।

इस कार्यशाला में साइबर बुलिंग, वाइरस, डिजिटल पेमेंट फ्राड, फेक न्यूज, साइबर स्टैकिंग आदि से बचने के लिए कॉलेज के विद्यार्थियों को इंटरनेट के उपयोग हेतु सावधानियां बतलाई गई। उक्त डिजीटल कार्यशाला के आयोजन में वैभवी मोयल का सहयोग उल्लेखनीय रहा। कार्यशाला में मुख्य रूप से शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जीआर चतुर्वेदी, डॉ. हरीन्द्र मोहन शुक्ला, डॉ निखिल रंजन नायक, डॉ. अशोक भगत, डॉ. श्वेता सिंह, डॉ यास्मीन खान, श्वेता शिंदे सहित कॉलेज के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### 16 प्रिंट पैक इंडिया का आयोजन 1 फरवरी से दिल्ली में

**रायपुर।** ग्रेटर नोएडा दिल्ली में आईपीएएमए द्वारा प्रिंटिंग एक्स्पो का आयोजन किया जा रहा है। 1 फरवरी से 5 फरवरी तक होने वाले उक्त आयोजन में देश भर से समस्त प्रिटर्स 20 हजार से भी अधिक संख्या में भाग लेंगे। इस आयोजन में केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के निर्देश पर इस बार विदेशों के प्रिंटर्स भी बड़ी संख्या में एक्स्पो में शामिल होंगे। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में आईपीएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर सिंह एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एसोसिशन के अध्यक्ष शिवशंकर दानी एवं सचिव सुजीत चौरसिया ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में जयवीर ने बताया कि यह एक्सीबिशन साउड इस्ट एशिया का सबसे बड़ा प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग एक्स्पो है इसमें 6 सौ से अधिक एक्सीबिटर्स 80 हजार स्वेंयर मीटर में स्टाल लगाएंगे।

# भाजपा रायपुर शहर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कल करेंगे शपथ ग्रहण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ संगठन द्वारा नव जिला अध्यक्षों की घोषणा गत 5 जनवरी की गई रायपुर शहर जिला के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के रूप में कमान संभालेंगे वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश सिंह ठाकुर को जिला अध्यक्ष का दायित्व प्रदान किया गया रमेश सिंह ठाकुर पूर्व में 3 बार नगर निगम रायपुर में पार्षद रहे और रायपुर शहर जिला के महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया अनुभव और समर्पण के आधार पर इस बार छत्तीसगढ़ भाजपा ने उन्हें राजधानी रायपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया रमेश सिंह ठाकुर 14 जनवरी को रायपुर शहर जिला के अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम को गौरवपूर्ण बनाने आज जिला भाजपा कार्यालय में आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसमें रमेश ठाकुर के पदभार और शपथ ग्रहण कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई।

इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के अलावा निवर्तमान जिला अध्यक्ष जयंती भाई पटेल और एन.जी.ओ. प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सुरेंद्र पाटनी मंच पर उपस्थित थे नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने उपस्थित जिला पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी और सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार जो मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को राजधानी के जिला अध्यक्ष का महत्वपूर्ण




दायित्व प्रदान किया गया जब भाजपा का झंडा उठाया था तब सोचा भी नहीं था कि यहां तक पहुंचेंगे पर यह भाजपा में ही सम्बन्ध है जहां प्रत्येक कार्यकर्ता को उचित प्रतिसाद प्राप्त होता है एक कार्यकर्ता से लेकर जिला अध्यक्ष तक के सफर में भाजपा के हर कार्यकर्ता ने हरसंभव सहयोग दिया और उसी का प्रतिफल है कि आज मैं यहां आपके सामने जिला अध्यक्ष जैस महत्वपूर्ण दायित्व के साथ आपको संबोधित कर रहा हूं हम सभी ने मिलकर 2 महत्वपूर्ण चुनाव सफलता पूर्वक संपन्न किए जिला अध्यक्ष रहे जयंती पटेल के नेतृत्व में हमने विधानसभा और लोकसभा चुनाव सहित सदस्यता अभियान में भी ऐतिहासिक सफलता हासिल की जो अपने आप में नव कीर्तिमान है उसी प्रकार अब हमारे सामने नगरीय निकाय चुनाव है और मैं आप सभी के माध्यम से आश्वस्त हूं कि मिलकर लड़ेंगे और रायपुर नगर निगम में 70 वार्डो सहित भाजपा का महापौर रिकॉर्ड मतों से विराजमान होगा ।

पूर्व जिला अध्यक्ष जयंती पटेल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और मोर्चा प्रकोष्ठ ने मुझे अध्यक्ष के रूप में लगभग 800 दिन भरपूर सहयोग दिया और आप सभी के सहयोग से हमने कई आंदोलन किए धरना दिया मन की बात जैसे रचनात्मक कार्य भी किए ऐसे कुल मिला कर आप सभी के सहयोग से लगभग 3500 कार्यक्रम किए एवं इन सभी कार्यक्रमों में आप सभी के सहयोग हेतु मै आपका आभार प्रदर्शन करता हूं साधुवाद देता हूं आपके अथक परिश्रम के सफलतम परिणाम आज प्रत्यक्ष प्रदर्शित है हमने रायपुर की चारों विधानसभा जितने का रिकॉर्ड और लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतों की विजयश्री का कीर्तिमान स्थापित किया अब हम सभी मिलकर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर जी को भरपूर सहयोग करेंगे और आगामी नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा रमेश भैया के नेतृत्व में भाजपा का परचम लहराएंगे 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन रमेश सिंह ठाकुर जी शपथ ग्रहण और पदभार ग्रहण करेंगे जिसे हम उनके निवास से लेकर जिला कार्यालय एकात्म परिसर तक रैली के तौर पर लेकर आयेंगे जगह जगह उनका स्वागत भी किया जाएगा इसी तैयारियों को मद्देनजर रखते हुए आज की बैठक आहूत की गई है आप सभी पदाधिकारियों पर शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने की जिम्मेदारी है।

मंच पर उपस्थित प्रदेश एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक सुरेंद्र पाटनी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया नवनियुक्त जिला अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों को नव दायित्व हेतु बधाई संदेश प्रेषित किया उन्होंने कहा कि आप सभी के ऊपर राजधानी रायपुर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है रायपुर से ही पूरे प्रदेश का दशा दिशा तय होगी हम आशान्वित हैं कि नई टीम के साथ पुनः सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे। आज आहूत बैठक में मंच संचालन खेमकुमार सेन द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष गोपी साहू द्वारा किया गया एकात्म परिसर में आहूत बैठक में विशेष रूप से जिला उपाध्यक्ष आशु चंद्रवंशी, अकबर अली, शैलेन्द्री परगनिहा, मनीषा चंद्राकर, जिला मंत्री संजय तिवारी, अमित मैशेरी शाह, तुषार चोपड़ा, कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, एवं सभी नवनियुक्त 20 मंडल अध्यक्ष सहित अन्य विशिष्ट कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वित्तीय व सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए सीए चिमनानी का हुआ सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रोटरी क्लब में आयोजित वोकेशनल अवार्ड सेरेमनी में डॉक्टर राम शर्मा पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के मुख्य आतिथ्य में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान के लिए रविवार को वोकेशनल एक्सीलेंस अवार्ड दिए गए। रायपुर सीए ब्रांच के पूर्व अध्यक्ष ,महालेखाकार छत्तीसगढ़ के पूर्व सलाहकार व भाजपा नेता सीए अमित चिमनानी को वित्तीय एवं सामाजिक क्षेत्र में योगदान हेतु एक्सीलेंस अवार्ड दिया गया। कैंसर स्पेशलिस्ट डॉक्टर युसूफमेनन को स्वास्थ्य के क्षेत्र में, गिरीश पंकज को साहित्य, प्रियंका कौशल को पत्रकारिता और बबीता अग्रवाल को समाज सेवा के क्षेत्र में सम्मानित किया गया।




अमित चिमनानी ने कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा से करने पर रोटरी क्लब को बधाई दी एवं कहा कि आज भारत अगर विश्व की तीसरी बड़ी महाआर्थिक शक्ति बनने की तरफ अग्रसर है, अगर भारत विकसित भारत बनने का सपना देख रहा है, तो इसमें आप सभी सामाजिक संस्थाओं के बुद्ध जीवियों का एक बहुत बड़ा योगदान है। साल भर चलने वाले आप लोगों के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न विचार समाज तक आते हैं और उसके बाद फिर वह सरकारों तक पहुंच के योजनाओं का रूप लेकर देश के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। देश के विकास का जितना श्रेय सरकारों का, अधिकारियों का है उतना ही आप जैसे बुद्धिजीवियों का भी है। इस अवसर पर रोटरी क्लब वेस्ट के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सचिव गोपीचंद मथानी, वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सुनील अग्रवाल सहित और प्रबुद्ध जन मौजूद थे।















# अंजलि अरोड़ा जल्द करेंगी शादी, बोली- मेरे सजना आ रहे हैं

**सोशल मीडिया सेंसेशन अंजलि अरोड़ा जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। जी हां एक्ट्रेस ने खुद इस बात को कंफर्म किया। अंजलि ने कहा कि उन्होंने शॉपिंग भी शुरू कर दी है।**



रियालिटी शो लॉकअप से फेमस हुई अंजलि अरोड़ा अपनी ग्लैमरस अदाओं से अक्सर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। एक्ट्रेस की रील्स मिनटों में वायरल हो जाती है। अब उनका एक जबरदस्त वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने खुलासा किया कि जल्द ही वह शादी करने जा रही है। एक्ट्रेस ने कहा, बहुत जल्दी मेरी शादी होने वाली, मैंने शॉपिंग चालू कर दी है। आप सभी मेरी शादी में इन्वाइटेड हो और आना ही है। मेरे सजना आ रहे हैं और बहुत जल्द शादी होगी हमारी। उन्होंने शॉपिंग बैग्स पैपराजी को दिखाए। हालांकि अंजलि कब शादी करेंगी। इसकी डिटेल्स सामने नहीं आई है। फैंस वायरल हो रहे वीडियो पर रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, वाह क्या बात है हमारी कच्चा बादाम गर्ल शादी करने वाली हैं। एक दूसरे यूजर ने लिखा, आप सच में कर रही हो शादी बधाई हो। बता दें कि अंजलि लंबे समय से बिजनेसमैन आकाश सनसनवाल को डेट कर रही हैं। दोनों अक्सर एक दूसरे संग टाइम स्पेंट करते हुए वीडियो शेयर करते हैं।

# सोनिया बंसल 2025 के लिए बेहद उत्साहित हैं



बिग बॉस सीजन 17 की फेम सोनिया बंसल ने आगरा से बॉलीवुड और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री तक का एक पेशनेट सफर तय किया है। वह नए साल में और भी कई उपलब्धियां हासिल करने के लिए तैयार हैं। अबू धाबी में IIFA में भाग लेने से पहले, सोनिया डिप्रेशन से अपनी लड़ाई के लिए चर्चा में थीं, लेकिन अब उन्होंने कड़ी मेहनत, खुशी और अपने काम के प्रति प्यार के साथ डिप्रेशन से बाहर निकलने का कारण ढूंढ लिया है। फिलहाल, मैंने बॉलीवुड और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री दोनों में कई रोमांचक प्रोजेक्ट साइन किए हैं। मैं दोनों इंडस्ट्री की रचनात्मकता और मेरे जैसे महत्वाकांक्षी कलाकारों को मिलने वाले अवसरों से लिए उनकी बहुत प्रशंसा करती हूं। मैं जनवरी-फरवरी 2025 के आसपास इसकी शूटिंग शुरू करूंगी, सोनिया बंसल ने अपनी उत्सुकता के कारणों को साझा करते हुए कहा। आगरा यूनिवर्सिटी से एमए करने वाली सोनिया कॉर्पोरेट जगत में अपना करियर शुरू करने के लिए मुंबई चली गईं। हालांकि, उनकी किस्मत और सच्चे जुनून ने उन्हें अभिनय और फैशन इंडस्ट्री की ओर अग्रसर किया।

डुबकी, गेम 100 करोड़ का, शूरवीर और धीरा में काम कर चुकीं सोनिया म्यूजिक वीडियो के जगत में भी एक जानी-मानी हस्ती हैं। उन्हें रियलिटी स्टार शिव ठाकरे के साथ कोई बात नहीं, म्यूजिक वीडियो में देखा गया था। सोनिया बंसल अपनी आने वाली फिल्म चार कदम में बतौर स्टोरी राइटर डेब्यू करने जा रही हैं।

इस बारे में बताते हुए सोनिया ने कहा, मुझे न केवल अपने खाली समय में बल्कि यात्रा के दौरान और जब भी संभव हो, फिल्में देखना पसंद है। मैंने कई भाषाओं में बनी फिल्में देखी हैं और एक बात जो मुझे समझ में आई वह यह है की ऐसी कई कहानियां हैं जिन्हें बताया जाना चाहिए और मैंने चार कदम की कहानी बनाई।

यह कई लड़कियों की कहानी है जो बेहतर अवसरों की तलाश में अपने छोटे शहरों से मुंबई जैसे मेट्रो शहरों में आती हैं, मेरी तरह और वे क्या-क्या झेलती हैं। सोनिया ने न केवल फिल्म की कहानी लिखी है बल्कि वह फिल्म में मुख्य भूमिका भी निभा रही हैं। वह प्रतिष्ठित कान फिल्म महोत्सव में इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रही हैं।

# एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की कातिल अदाओं ने फैंस को किया घायल



एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया का नाम इन दिनों साउथ इंडस्ट्री के साथ बॉलीवुड की बड़ी अभिनेत्रियों में शुमार हैं। उन्होंने बेहद ही कम समय में अभिनय की दुनिया में वो मुकाम हासिल किया है, जिसे हासिल करने में लोगों को कई साल लग जाते हैं। वहीं, एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया इन दिनों सोशल मीडिया पर कहर बरपाए नजर आ रही हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में तमन्ना ने एनिमल प्रिंटेड ड्रेस पहनी है और अपने स्टनिंग लुक से फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है। तस्वीरों में तमन्ना ने लाइट मेकअप और खुले बालों के साथ पोज दिया है, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। उनकी कातिलाना अदाओं और आत्मविश्वास ने फैंस का दिल जीत लिया है।

फैंस इन तस्वीरों पर जमकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, तमन्ना मैम, आप हमेशा की तरह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं, दूसरे ने लिखा, यह लुक एकदम परफेक्ट है। तमन्ना भाटिया ने अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपने फैशन सेंस से भी हमेशा लोगों का ध्यान खींचा है। उनका यह लुक भी ट्रेंड सेट कर रहा है और फैशन के दीवानों को प्रेरणा दे रहा है।

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया अभिनय के साथ स्टाइलिश अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। उनका कातिलाना अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है। एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया इंस्टाग्राम पर भी काफी पॉपुलर हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 18.3 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

# फिर से जमेगी अक्षय के साथ इस अभिनेत्री की जोड़ी

## प्रियदर्शन की भूत बांग्ला में लगाएंगी तड़का

**तीन साल बाद प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित फिल्म भूत बंगला के साथ हॉरर कॉमेडी में वापसी कर रही हैं बॉलीवुड की वो हीरोइन, जो पहले भी अक्षय कुमार के साथ कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। प्रियदर्शन के निर्देशन में अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित हॉरर कॉमेडी, भूत बंगला में बॉलीवुड अभिनेत्री की एंट्री कंफर्म हो चुकी है, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए दी है।**




प्रोफेसी में जबर्दस्त अभिनय के बाद आखिरकार, तब्बू ने खुलासा किया है कि वह आगे क्या करने की योजना बना रही हैं। प्रियदर्शन के निर्देशन में अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित हॉरर कॉमिडी, भूत बंगला में वह अगली बार नजर आएंगी। इसका खुलासा खुद तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए किया।

तब्बू ने इंस्टाग्राम पर घोषणा करते हुए एक क्लैपरबोर्ड की तस्वीर शेयर की, जिस पर लिखा था भूत बांग्ला। उनके इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, हम यहां बंद हैं। तब्बू की इस पोस्ट के बाद उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं कि भूल भूलैया 2 के बाद अब वह तब्बू को फिल्म भूत बंगला में हॉरर के साथ कॉमेडी का तड़का लगाते देख पाएंगे।

2000 की फिल्म हेरा फेरी में अक्षय और तब्बू साथ काम कर चुके हैं। इस फिल्म का निर्देशन भी प्रियदर्शन ने ही किया था। कुछ समय से ऐसी अफवाहें चल रही थीं कि तब्बू भी इस ड्रामा में शामिल होंगी, लेकिन प्रशंसक आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार, तब्बू की इंस्टाग्राम पोस्ट ने खुलासा कर ही दिया है कि वह भूत बंगला का हिस्सा हैं और इस हॉरर कॉमेडी में वह एक अहम भूमिका निभाने वाली हैं। 2026 में आने वाली फिल्म भूत बांग्ला में अक्षय कुमार और तब्बू के अलावा परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और असरानी जैसे कई बेहतरीन कलाकार नजर आ सकते हैं।

# फिल्म हिसाब बराबर की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

**अभिनेता आर माधवन को पिछली बार फिल्म शैतान में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। 65 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने भारत में 211 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।**

बहरहाल, माधवन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म हिसाब बराबर को लेकर चर्चा में हैं। अब फिल्म की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। हिसाब बराबर से माधवन की पहली झलक भी सामने आ चुकी है। माधवन की फिल्म हिसाब बराबर सिनेमाघर में नहीं, बल्कि ओटीटी पर रिलीज होगी। इस फिल्म का प्रीमियर 24 जनवरी, 2025 से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होने जा रहा है। इस फिल्म को आप हिंदी के साथ तमिल और तेलुगु भाषा में देख सकते हैं।

निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, जब एक आम आदमी उठता है तो सिस्टम हिल जाता है। जालसाज सावधान। अब माधवन करेंगे हिसाब बराबर। इस फिल्म के निर्देशन की कमान अश्वनी धीर ने संभाली है। हिसाब बराबर में आर माधवन और कीर्ति कुल्हारी के अलावा अनिल पांडे, महेंद्र राजपूर, फैजल राशिद, बॉन्डिप शर्मा और रश्मि देसाई भी हैं। अश्विनी धीर ने इसका डायरेक्शन किया है, जबकि ज्योति देशपांडे, शरद पटेल और श्रेयांशी पटेल ने इसे प्रोड्यूस किया है।




# रश्मिका मंदाना के पैर में लगी चोट, दर्द में भी चेहरे पर दिखी मुस्कान

**रश्मिका मंदाना इन दिनों घर पर छुट्टियां मना रही हैं। रश्मिका के पैर में चोट लगी है और प्लास्टर चढ़ गया है। ये चोट उन्हें जिम में कसरत के दौरान लगी हैं। रश्मिका ने खुद इसकी जानकारी दी है।**

रश्मिका मंदाना को जिम में चोट लग गई जिसके कारण उनकी अपकमिंग फिल्मों के शूटिंग शेड्यूल में अस्थायी रुकावट आ गई। अब अभिनेत्री ने अपने पैर की चोट के बारे में एक अपडेट शेयर किया है। जिससे पता चलता है कि वह फिलहाल छुट्टी के मोड में हैं। उन्होंने अपने घायल पैर की तस्वीरें साझा कीं और अपनी आने वाली फिल्मों सिकंदर, थामा और कुबेरा के निर्देशकों से देरी के लिए माफी मांगी। रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमें रश्मिका अपने घायल पैर को तकिए के ऊपर उठाए हुए थीं और उसके चेहरे पर झुर्रियां दिख रही थीं।

अपने कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'ठीक है, मुझे लगता है कि मुझे नया साल मुबारक हो! अपने पवित्र जिम मंदिर में खुद को घायल कर लिया, अब मैं अगले कुछ हफ्तों या महीनों के लिए हॉप मोड में हूं या भगवान ही जानता है, तो ऐसा लगता है कि मैं थामा, सिकंदर और कुबेर के लिए सेट पर वापस जा रही हूं। मेरे निर्देशकों को देरी के लिए खेद है। मैं जल्द ही वापस आऊंगी। बस यह सुनिश्चित कर लूं कि मेरे पैर काम के लिए फिट हैं (या कम से कम कूदने के लिए फिट हैं) इस बीच अगर आपको मेरी जरूरत होगी, तो मैं कोने में मौजूद रहूंगी। हॉप हॉप हॉप।' जैसे ही रश्मिका ने अपडेट शेयर किया तो फैन्स को भी उनकी चिंता सताने लगी। फैन्स ने रश्मिका के इस पोस्ट में कमेंट्स कर उन्हें जल्द ही ठीक होने की सलाह दी है। रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्मों में 'सिकंदर' शामिल है जिसमें वह बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।



### सलमान खान के साथ नजर आएंगी रश्मिका

एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित और साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित, फिल्म में काजल अग्रवाल, रश्मिका, सत्यराज, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर भी हैं, और ईद 2025 पर सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद है। रश्मिका के पास राहुल रवींद्रन के निर्देशन में बनी फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' भी है, जिसमें धीक्षित शेट्टी, राव रमेश और रोहिणी सह-कलाकार हैं। इस बीच आयुष्मान खुराना के साथ उनकी फिल्म थामा, 2025 की भव्य दिवाली रिलीज के लिए तैयार है।

वह विक्की कौशल के साथ छावा और धनुष-नागार्जुन अक्किनेनी अभिनीत फिल्म कुबेरा में भी दिखाई देंगी। रश्मिका को आखिरी बार पुष्पा 2: द रूल में देखा गया था, जो दिसंबर 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। सुकुमार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफल रही और इसने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की।

# दो मुंहें बालों की समस्या को ठीक कर सकता है एबिसिनियन तेल

बालों की देखभाल में एबिसिनियन तेल का इस्तेमाल एक असरदार तरीका है। यह खासतौर पर महिलाओं के लिए फायदेमंद है, जो बालों की समस्याओं से जूझ रही हैं। दोमुंहे बालों की समस्या आमतौर पर नमी की कमी से होती है। एबिसिनियन तेल में मौजूद प्राकृतिक तत्व बालों को पोषण देते हैं और उन्हें मजबूत बनाते हैं। इस तेल का सही तरीके से इस्तेमाल कैसे करें ताकि आपके बाल स्वस्थ और चमकदार बने रहें।

**नियमित रूप से मालिश करें**: एबिसिनियन तेल का नियमित रूप से मालिश करना आपके बालों के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। हफ्ते में दो बार इस तेल को हल्का गर्म करके अपनी उंगलियों की मदद से स्कैल्प पर लगाएं और धीरे-धीरे मालिश करें। इससे रक्त संचार बढ़ता है, जिससे बालों की जड़ें मजबूत होती हैं और दोमुंहे बाल कम होते हैं। ध्यान रखें कि मालिश करते समय ज्यादा जोर न दें क्योंकि इससे बाल टूट सकते हैं।

**शैंपू करने से पहले लगाएं**: शैंपू करने से पहले एबिसिनियन तेल का इस्तेमाल करना भी एक अच्छा तरीका है। शैंपू करने से आधे घंटे पहले इस तेल को अपने पूरे सिर पर लगाएं और फिर हल्के हाथों से मसाज करें। इसके बाद शावर कैप पहन लें ताकि गर्मी बनी रहे और पोषण अच्छे से अंदर तक पहुंच सके। यह प्रक्रिया आपके बालों को गहराई तक नमी देती है, जिससे दोमुंहे बाल कम होते हैं।

**कंडीशनर के साथ मिलाकर इस्तेमाल करें**: एबिसिनियन तेल को अपने कंडीशनर में मिलाकर इस्तेमाल करना एक अच्छा तरीका है। जब आप कंडीशनर लगाते हैं तो उसमें कुछ बूंदें एबिसिनियन तेल की मिला लें और इसे अच्छी तरह से अपने बालों पर लगाएं। इसे कुछ मिनट तक छोड़ दें, फिर धो लें। यह मिश्रण आपके बालों को गहराई तक नमी देता है, जिससे वे मुलायम और चमकदार बनते हैं और दोमुंहे बालों की समस्या कम होती है।

**हेयर मास्क बनाएं**: घर पर ही हेयर मास्क बनाने के लिए आप एबिसिनियन तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए एक चम्मच नारियल का दूध, एक चम्मच शहद, और कुछ बूंदें एबिसिनियन तेल मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इसे अपने पूरे सिर पर अच्छी तरह लगाएं और 30 मिनट तक छोड़ दें, फिर धो लें। यह मास्क आपके बालों को गहराई तक पोषण देता है, जिससे वे स्वस्थ रहते हैं।

**ड्रायर या स्टेटनर के बाद इस्तेमाल करें**: बाल ड्रायर या स्टेटनर जैसे उपकरण अक्सर हमारे बालों की नमी छीन लेते हैं, जिससे दोमुंहे बालों की समस्या हो सकती है। ऐसे में इनका इस्तेमाल करने के बाद थोड़ी मात्रा में एबिसिनियन तेल लेकर उसे अपनी हथेलियों पर रगड़ें और हल्के हाथों से अपने सूखे हुए बालों पर लगाएं।

# थुलथुली-लटकती बाजुओं से चर्बी गायब कर देंगे ये 2 योगासन

**मोटापा बढ़ने से तो कई बार किसी बीमारी की वजह से लोगों की बाजुएं यानि आर्म कई बार थुलथुली या लटक जाती है। ऐसी स्थिति में महिलाओं को न केवल अपने मनपसंद कपड़े पहनने बल्कि सबसे सामने बाजुओं से कपड़ा हटाने तक में शर्मिंदगी सी महसूस होती है। आप कितनी भी अच्छी ड्रेस क्यों न पहन लें ये लटकती बाजुएं पूरे लुक को खराब कर देती हैं। अगर आप भी आर्म फैट से परेशान हैं तो आज हम आपके लिए दो ऐसे योगासन लेकर आए हैं जिन्हें आप आसानी से घर पर कर सकते हैं। इससे न केवल आपकी बाजुओं से चर्बी गायब होगी बल्कि उनमें टाइटनेस भी आएगी। आइए जानते हैं इन योगासनों के बारे में।**



### साइड प्लैंक पोज

आर्म फैट को कम करने में साइड प्लैंक भी मदद कर सकता है। साइड प्लैंक करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर सीधा लेट जाएं। अब दाई करवट में आएं। अपना बायां पैर दाएं पैर के ऊपर रखें। दोनों पैर आपके हिप्स के साइड में होने चाहिए। अब दाई कोहनी पर भार डालते हुए बॉडी को हवा में उठाने की कोशिश करें।

आपके शरीर का भार दाई कोहनी और पैरों पर होना चाहिए। पैरों के निचले हिस्से से बॉडी को सपोर्ट दें। इसे कुछ देर होल्ड करें। इसके बाद इसे बाई करवट में दोहराएं। ऐसा करने से आर्म फैट कम हो सकता है। यह साइड बेली और वेस्ट फैट कम करने मे भी कारगर है।

### चक्रासन

इसे करने के लिए, सबसे पहले एक मैट पर कमर के बल लेट जाएं। अब आपको पैरों को घुटनों से मोड़ते हुए अंदर की तरफ लाना है। आपको पैर हिप्स से बराबर की दूरी पर होने चाहिए। अब हाथों को कानों के पास ले जाएं। आपकी दोनों हथेलियां आपको कानों के पास रखनी है। हथेली की उंगलियों की डायरेक्शन पैरों की तरफ होनी चाहिए। धीरे-धीरे सांस लें। सांस छोड़ते हुए, कमर के हिस्से को ऊपर उठाएं। ऐसा करते वक्त आपके शरीर का भार पैरों और सिर पर होना चाहिए। अब गहरी सांस लेते हुए, अपने सिर को भी ऊपर उठाएं। अब आपके पूरे शरीर का वेट हथेलियों और पंजों पर होगा। सांस छोड़ते हुए कमर को एक सही पोजिशन पर ऊपर उठाएं।

शुरुआत में बॉडी पर बहुत अधिक प्रेशर न डालें। कुछ सेकेंड के लिए पोजिशन को होल्ड करें। अब सांस छोड़ते हुए वपिस ओरिजनल पोजिशन में आएं। इस आसन को करने से बेली फैट और आर्म फैट दोनों कम होता है। यह आसन डाइजेशन को सुधारने में भी मदद कर सकता है। यह फर्टिलिटी बूस्ट करने और स्किन को ग्लोइंग बनाने में भी कारगर है।

# शौण्डिक समाज का रहा है समृद्धिशाली इतिहास- मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने की रायपुर में शौण्डिक समाज के सामाजिक भवन के लिए भूमि प्रदान करने की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के विधानसभा रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि शौण्डिक समाज का समृद्धिशाली इतिहास रहा है। शौण्डिक समाज के लोग व्यापार और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देकर देश की सेवा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज के सामाजिक भवन के लिए राजधानी रायपुर में भूमि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने शौण्डिक समाज की पत्रिका छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाचार का विमोचन भी किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है।पिछले साल इसी तिथि को अयोध्याधाम में भगवान रामलला भव्य मंदिर में विराजे थे। छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। मैं आप सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ और अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में देश भर से और विदेशों से भी छत्तीसगढ़ की धरती पर आए शौण्डिक समाज के प्रतिनिधियों का अभिनंदन करता हूँ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शौण्डिक समाज ने अपनी उद्यमशीलता और कर्मठता से देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है। आज यहां विदेशों से भी प्रतिनिधि पहुंचे हैं वो इस बात का प्रमाण है कि दुनिया के हर कोने में आपने अपनी प्रतिभा की धाक जमाई है। अभी हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा था कि दुनिया का ऐसा कोई कोना नहीं, जहां प्रवासी भारतीय समुदाय नहीं फैला हो।आज शौण्डिक समाज के सम्मेलन में जुटे इतने सारे प्रतिनिधियों को देखकर प्रधानमंत्री जी की कही बात यहां सार्थक प्रतीत होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपने निर्माण के 25वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। राज्य तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। पिछले 1 साल में हमने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी की अधिकांश बातों को पूरा किया है। सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में हमने 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास देने का निर्णय लिया। कल केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान छत्तीसगढ़ के दौरे पर थे। उन्होंने 3 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास देने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने अगले वित्तीय वर्ष की शुरुआत में फिर इतने ही आवास दिए जाने का आश्वासन दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार 3100 रुपए प्रति क्विंटल की कीमत पर धान खरीद रही है। हमारी सरकार ने 2 साल का बकाया बोनस किसानों को दिया है। साथ ही 70 लाख महिलाओं के खाते में हर महीने की शुरुआत में ?1000 की राशि महतारी वंदन योजना के तहत दी जा रही है। रामलला दर्शन योजना का अभी तक 20 हजार रामभक्त लाभ ले चुके हैं। सरकार बनने से पहले हमने कहा था कि पीएससी में हुई गड़बड़ी से छात्रों के भविष्य के साथ जो खिलवाड़ हुआ है हम उसकी जांच कराएंगे। सीबीआई पीएससी परीक्षाओं की जांच कर रही है। भ्रष्टाचार पर हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति है। जो भी दोषी है उसपर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। हमें भी छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में खड़ा करना है। छत्तीसगढ़ एक बहुत संपन्न प्रदेश है। यहां खनिज संसाधन से लेकर वन संपदा भरी पड़ी है। साथ ही यहां मेहनतकश किसान हैं। विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में आप सभी का योगदान बहुत जरूरी है। हमने प्रदेश में नई औद्योगिक नीति 2024-2030 लागू की है।

नई नीति के माध्यम से छत्तीसगढ़ में उद्योग के लिए अनुकूल वातावरण बन रहा है। दिल्ली में हुई इन्वेस्टर समिट में आए उद्योगपतियों द्वारा छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति की बहुत सराहना की गई। इस नीति में हमने अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग और महिलाओं को प्राथमिकता दी है। हम सिंगल विंडो 2.0 का लाभ दे रहे हैं। शौण्डिक समाज से मैं अपील करता हूं कि आप सभी इसका लाभ उठाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में रोजगार और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। नई शिक्षा नीति भी हमने लागू की है, जिसके तहत शिक्षा को रोजगार से जोड़ा गया है। साथ ही हम स्थानीय भाषा में भी शिक्षा दे रहे हैं। दिल्ली के ट्राइबल यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या बढ़ाई गई है। जो बच्चे देश की राजधानी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, उनको यह लाभ मिलेगा। हर जिले में हम नालंदा परिसर बना रहे हैं। छत्तीसगढ़ में हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि शौण्डिक समाज मजबूती के साथ समाज में अपनी भागीदारी निभा रहा है। शौण्डिक समाज में एकजुटता है। संगठित समाज ही आगे बढ़ता है, उसी की आवाज दूर तक जाती है। आगे बढ़ने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। मैं यह अपील करना चाहूंगा कि आप सभी बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। साथ ही शौण्डिक समाज सामूहिक विवाह का आयोजन भी करे। आप सभी समाज की प्रगति में लगे हुए हैं, यह बहुत खुशी की बात है। छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने में आप सभी का योगदान बहुमूल्य है।

# छत्तीसगढ़ के दो स्वास्थ्य केन्द्रों को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बलरामपुर जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डीपाडीह कला व आयुष्मान आरोग्य मंदिर केवली को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर ईलाज उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र हासिल करने वाले दोनों अस्पतालों के डॉक्टरों और अन्य मेडिकल स्टॉफ को बधाई दी है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने का



कार्य लगातार जारी है। उन्होंने भरोसा जताया कि ये अस्पताल आगे भी अपनी उत्कृष्टता बरकरार रखते हुए मरीजों की सेवा करेंगे और प्रदेश के दूसरे अस्पतालों के लिए नए प्रतिमान स्थापित करेंगे।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम द्वारा किए गए परीक्षण एवं मूल्यांकन में डीपाडीह कला को 92.80 व केवली को 90.72 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। यहां यह उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओ और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण किया जाता है।

इनमें उपलब्ध सेवाएं, मरीजों का अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विस, क्लीनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कण्ट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल होते हैं। इन मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किये जाते हैं।

डिप्टी सीएम शर्मा ने की तकनीकी शिक्षा-रोजगार तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के कार्यो की समीक्षा

# आगामी सत्र से 5 स्थानों पर छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी की होगी स्थापना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 11 जनवरी को अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर तथा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि साइंस सिटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस गैलरी, स्पेस म्यूजियम और क्लाइमेट चेंज म्यूजियम की स्थापना की जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन आधुनिक संस्थानों का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की तकनीकों और पर्यावरणीय शोध से जोड़ना होगा।

बैठक में उन्होंने प्रदेश में बड़े निर्माण कार्यों की प्रगति की उपग्रह चित्रों के माध्यम से निगरानी करने की भी बात कही। उन्होंने सूरजपुर जिले के प्रतापपुर तहसील के ग्राम मायापुर में एस्ट्रो साइंस सेंटर की स्थापना को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि प्रदेश के छात्रों और शोधकर्ताओं को खगोल



विज्ञान के क्षेत्र में एक मंच मिल सके। इसके अलावा प्रदेश में बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण के लिए हेल्पलाइन व्यवस्था शुरुआत करने के निर्देश दिए।

बैठक में उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए गुजरात की तर्ज पर स्टूडेंट स्टार्टअप एंड इनोवेशन पालिसी तैयार करने के निर्देश दिए। इस नीति के अंतर्गत एक विशेष नवाचार केंद्र आई हब स्थापित किया जाएगा, जो प्रदेश के युवाओं को उनके स्टार्टअप और नवाचार विचारों को साकार करने के लिए मार्गदर्शन और संसाधन प्रदान करेगा। उपमुख्यमंत्री ने रोजगार कार्यालयों में तकनीकी विकास और डिजिटल सेवाओं को सशक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ रोजगार एप्प के माध्यम से प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। यह एप युवाओं को न केवल पंजीयन करने में सहायक होगा, बल्कि उनकी योग्यता के आधार पर रोजगार की संभावनाओं की जानकारी भी देगा। साथ ही उन्होंने इस एप के प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक युवा इसका लाभ उठा सकें।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने अग्निवीर योजना के अंतर्गत आगामी भर्तियों हेतु पंजीकृत युवाओं की सहायता और उनके प्रशिक्षण के लिए जिला स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इन युवाओं की ऑनलाइन और ऑफलाइन तैयारी के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। इसके लिए प्रशिक्षकों की नियुक्ति और पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। परीक्षा के दौरान आवेदकों को उनके परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए परिवहन सुविधा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि आईटीआई, पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेजों में कार्यरत शिक्षक और लिपिक संवर्ग के सेवा भर्ती नियमों में आवश्यक संशोधन किए जाएं। शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों और पॉलिटेक्निक संस्थाओं में कार्यरत शिक्षकों को क्यूआईपी योजना के तहत एम.ई., एम.टेक., और पीएचडी पाठ्यक्रमों के अध्ययन के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल और तेज किया जाए।

# मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोरबा को 44 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन कोरबा नगर निगम क्षेत्र के दर्री जोन के वॉर्ड क्रमांक 47 में आयोजित भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में 44 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी। मंत्री श्री देवांगन ने कोरबा नगर निगम क्षेत्र के दर्री जोन के वॉर्ड क्रमांक 47 गोपालपुर शिव मंदिर के समीप प्रभारी मद के 15 लाख की लागत से से भारिया समाज सामुदायिक भवन के पास नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण के साथदृसाथ अधोसंरचना मद और जिला खनिज न्यास मद से निम्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।

इसके साथ ही वार्ड 45 रामनगर में सामुदायिक भवन के पास किचन शेड निर्माण कार्य 4 लाख, वार्ड 47 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सामुदायिक गवन निर्माण कार्य लागत 10 लाख, वार्ड के 48 सलिहाभाठा सुमेधा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 10 लाख, वार्ड 53 नदियाखार पुलिया के पास मुक्तिधाम निर्माण कार्य 5 लाख कुल



29 लाख के कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन का भारिया समाज के लोगों ने आभार और अभिनंदन किया। समाज के प्रमुख जनों की मांग पर सामुदायिक भवन के बाउंड्रीवाल और चेका टाइल्स के लिए मंत्री ने 15 लाख की स्वीकृति की सहर्ष घोषणा की।

इसी तरह कोरबा नगर निगम आवसीय कॉलोनी परिसर स्थित शिव मंदिर में विधायक मद, प्रभारी मद से वार्ड क्र. 22 नगर पालिक निगम आवासीय कालोनी कोरबा में न.पा.नि. कोरबा द्वारा निर्मित पंडाल मे शेड एवं हाल का निर्माण 10 लाख, वार्ड क्र. 22 नगर पालिक निगम आवासीय परिसर के सार्वजनिक परिसर में पंडाल का निर्माण कार्य 7 लाख का लोकार्पण किया। साथ ही वार्ड क. 22 न.पा.नि. कोरबा आवासीय परिसर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 6 लाख, वार्ड 33 रामपुर उद्यान का विकास कार्य लागत 20 लाख के कार्यों के भूमिपूजन व शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि विष्णु सरकार में विकास कार्यों की गति का आप अंदाजा लगा सकते हैं जिन कार्यों की स्वीकृति जून में मिली थी उन कार्यों का भूमिपूजन किया गया था, आज उनका लोकार्पण कर आम जन मानस को समर्पित किया जा रहा है।आने वाले दिनों में बहुत सारी उपलब्धियां हमारे शहर के साथ वार्ड के साथ जुड़ेंगी।

मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि 10 जनवरी के बाद कोरबा नगर निगम का मौजूदा कार्यकाल समाप्त हो चुका है। इसी के साथ कोरबा नगर निगम की बदहाली के कार्यकाल का अवधि भी समाप्त हो चुका है। आने वाले दिनों में आप सभी के आशीर्वाद और समर्थन के साथ कोरबा नगर निगम में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, कौशल देवांगन, पूर्व पार्षद चंद्रलोक सिंह, कोसाबाडी मंडल अध्यक्ष डॉ राजेश राठौर, दर्री मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू, ज्योति वर्मा, पूर्व पार्षद विजय साहू, नारयण ठाकुर, तुलसी ठाकुर, राज जायसवाल, पुष्पा कंवर, फीरत साहू ममता साहू, कविता राजपूत, मुकुंद सिंह, भारिया समाज का अध्यक्ष विजय भारिया, रामकुमार, हेमलाल, गौरी भारिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मंत्री राजवाड़े उदयपुर में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित चिंतन शिविर में हुई शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े राजस्थान के उदयपुर शहर में आयोजित चिंतन शिविर में शामिल हुई। उन्होंने चिंतन शिविर में राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ स्वतंत्र रुप से चर्चा में भाग लिया। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के महिला एवं बाल विकास विभागों के मंत्री तथा सचिव भी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ अधिकारियों सहित प्रमुख हितधारक एक साथ एक मंच पर



उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से देश भर में महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास एवं कल्याण से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने वाले विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के माध्यम से इन चुनौतियों के निराकरण के लिए हर संभव समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। इस कार्यक्रम में मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने वाले कई महत्वपूर्ण सत्रों में मिशन वात्सल्य, मिशन शक्ति और मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 शामिल हैं। इन सत्रों का उद्देश्य महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान निकालना और भारत में महिलाओं के कल्याण और बच्चों के विकास को मजबूत बनाने के लिए भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना है।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना: छोटे व्यवसायियों को मिल रहा नया संबल

**रायपुर।** केन्द्र सरकार द्वारा छोटे व्यवसायियों को उनके कारोबार के लिए सहजता से ऋण प्रदान करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से सैकड़ों रेहड़ी-पटरी वाले, ठेले वाले और शहरी पथ विक्रेता लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना के तहत छोटे व्यवसायियों की आर्थिक स्थिति का डेटाबेस तैयार कर उसकी स्क्रीनिंग की जा रही है, जिससे उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में इस योजना से कई व्यवसायी लाभान्वित हुए हैं और उनके जीवन में बदलाव आया है। ग्राम जतरो निवासी श्री सुधीर मंडल, जो नगर पालिका परिषद बलरामपुर के सब्जी बाजार में सब्जी बेचते थे, कोविड-19 के लॉकडाउन में आर्थिक तंगी के कारण अपने व्यवसाय को बंद करने पर मजबूर हो गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत सुधीर मंडल ने पहले 10 हजार का ऋण लिया और इसके बाद 20 हजार का द्वितीय ऋण प्राप्त किया। बैंक द्वारा उनके अच्छे लेन-देन को देखते हुए उन्हें 50 हजार रूपए का सीसी लोन स्वीकृत किया गया, जो अब बढ़ाकर एक लाख रूपए कर दिया गया है। आज सुधीर मंडल सब्जी मंडी से सब्जी खरीदकर थोक विक्रेताओं को बेचते हैं और प्रतिदिन 3-5 हजार रूपए तक की आय अर्जित कर रहे हैं। उनका परिवार अब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो गया है। नगर पालिका परिषद बलरामपुर में अब तक 332 स्ट्रीट वेंडर्स ने योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन किया है।






















## खास खबर



### भाटापारा के कांग्रेस विधायक इंद्र साव हादसे का शिकारः महाकुंभ जा रहे थे, रास्ते में ट्रक ने मारी टक्कर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के भाटापारा से कांग्रेस विधायक इंद्र साव हादसे का शिकार हो गए हैं। महाकुंभ में परिवार के साथ स्नान के लिए जा रहे इंद्र साव की कार यूपी के सोनभद्र के बहमनी थाना इलाके में हादसे का शिकार हो गई। कांग्रेस विधायक इंद्र साव की कार और ट्रक में जोरदार भिंड़ंत हो गई, हादसे में उनके परिजन घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ के कांग्रेस विधायक इंद्र साव कुंभ स्नान करने के लिए अपने परिवार के साथ जा रहे थे। तभी उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में उनकी कार और ट्रक के बीच में भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में विधायक के परिजन घायल हो गए हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वहीं घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश एवं संदेहियों पर चलाया विशेष अभियान

**राजनांदगांव।** अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने व सुरक्षा/शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदेही पर विशेष अभियान चलाकर चेक कर उनकी दैनिक गतिविधि की जानकारी लेकर उनको समझाईश देने के लिए कहा गया था। जिले केसमस्त थाना क्षेत्रों में निवासरत् 40 से अधिक गुंडा बदमाशों को दी समझाईश।

12 जनवरी को थाना कोतवाली, बसंतपुर डोंगरगांव घुमका, डोंगरगढ़, लालबाग, चिखली, तुमड़ीबोड़, सुकुलदैहान पुलिस द्वारा कुल 40 अपराधिक तत्वों को तलब कर उनको समझाईश दी गई कि वे अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें नही तो पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी। पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो वे तत्काल उपस्थित होवें तथा क्षेत्र में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें, अन्यथा पुलिस की कड़ी कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा।

### चलती स्कूटी में लगी आग

**कांकेर।** जिले के गिरहोला मार्ग पर स्थित पुल के पास एक चलती स्कूटी में अचानक आग लग गई। जहां चारभाटा निवासी स्कूटी चालक मोनिका नायक ने बताया कि वह गिरहोला से चारामा की ओर जा रही थी, तभी रास्ते में स्कूटी से धुआं निकलने लगा। मोनिका ने तुरंत स्कूटी को सड़क किनारे खड़ा किया और पूरी चेकिंग की, तब तक स्कूटी के सामने वाले हिस्से में आग लग चुकी थी। आग पर काबू पाने के लिए पहले सड़क पर पड़े रेत का इस्तेमाल किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पास की नदी से पानी लाकर आग को बुझाया गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# कोरबा में सराफा कारोबारी की हत्या का खुलासा पुराने व नए ड्राइवर ने दिया वारदात को अंजाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** एक सप्ताह पहले कोरबा में सराफा कारोबारी की हत्या के मामले में पुलिस को सफलता मिल गई है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी कोई और नहीं बल्कि सराफा कारोबारी की गाड़ी का ड्राइवर है। पूर्व ड्राइवर व वर्तमान ड्राइवर ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पूरी वारदात की साजिश रची। दरअसल यह पूरा हत्या कांड सराफा कारोबारी की दुकान में लूट के इरादे से रची गई।

बता दें सराफा कारोबारी की घटना 5 जनवरी की रात को हत्या कर दी गई थी। सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के लालू राम कॉलोनी निवासी गोपाल राय सोनी के घर आरोपी लूट के इरादे से घुसे थे, जब व्यावसायी ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने चाकू से

**लूट की नीयत से घुसे थे घर में**



हमला कर मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद घर के बाहर खड़ी क्रेटा कार में अटैची और मृतक की पत्नी का मोबाईल लेकर भाग गए थे। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान मृतक के पुत्र नचिकेता राय सोनी ने बताया कि जब वह घर पहुंचे तो उनके पिता गोपाल रॉय सोनी घायल अवस्था में लहुलुहान बेहोश फर्श पर पड़े थे। अस्पताल ले गए तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

इस जघन्य हत्याकांड का रविवार को स्क्क सिद्धार्थ तिवारी और बिलासपुर रेंज के ङ्खत्र डॉ. संजीव शुक्ला ने खुलासा किया। आरोपियों तक पहुंचने के लिए 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया, 80 से अधिक पुलिसकर्मियों को अलग-अलग टॉस्क दिया गया था। घटनास्थल और कार में खून के धब्बों के निशान से पुलिस को सुराग मिले। जिसके बाद आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिली है। जांच में पता चला कि आरोपी सूरज पुरी गोस्वामी,जो पहले व्यवसायी की गाड़ी चलाता था, उसने अपने साथी मोहन मिंज और वर्तमान ड्राइवर आकाश के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया।

पूछताछ में आरोपी मोहन मिंज ने बताया कि सूरज पुरी गोस्वामी परिचित है जो पहले सराफा कारोबारी गोपाल राय की गाड़ी चलाता था। दोनों ने मिलकर चोरी की साजिश रची थी और कहा था कि अगर सेठ के दुकान की चाबी मिल जाए तो खुब सारा सोना-चांदी, पैसा मिल जाएगा। दोनों आरोपियों ने मिलकर गोपाल राय सोनी से चाबी लेने गए थे लेकिन विरोध करने पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। सूरज के ताबड़ तोड़ चाकू चलाने से वो घायल होकर नीचे फर्श पर गिर पड़े और इससे उनकी मौत हो गई। घटना में शामिल अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

# नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म, आरोपी को पुलिस ने महाराष्ट्र से किया गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने बताया कि परिजनों ने थाना में शिकायत दर्ज कराया कि उनकी नाबालिग बेटी कपड़े सिलाई कराने जाने की बात कहकर घर से निकली थी। इसके बाद घर नहीं आई। पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस दर्ज कर जांच शुरू की।




तकनीकी साक्ष्यों, नेटवर्क ट्रेसिंग और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने पुणे (महाराष्ट्र )में दबिश दी। आरोपी संदीप धुर्वे पिता संतुराम छेदावी, निवासी बचेडी, थाना सहसपुर लोहारा के कब्जे से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद किया। थाना लाकर नाबालिग बालिका से महिला अधिकारी ने संवेदनशीलता के साथ पूछताछ की, जिसमें उसने बताया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसे बहलाया-फुसलाया व जबरदस्ती संबंध बनाए।

तहरीर के आधार पर आरोपी संदीप धुर्वे के खिलाफ धारा 87, 64(2)(ड) बीएनस, 4(1), 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अतिरिक्त धारा जोड़ते हुए विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को रविवार को न्यायिक रिमांड पर कोर्ट में पेश किया गया।

### शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर-चांपा।** जिले में नाबालिग लड़की को एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। इसके बाद शादी का झांसा देकर आरोपी युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के माता-पिता के शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है।

सारागांव थाना प्रभारी सावन कुमार सारथी ने बताया कि नाबालिग लड़की के माता-पिता ने एफआईआर दर्ज कराई की। तहरीर में बताया कि आठ जनवरी की रात करीब नौ बजे से उनकी बेटी घर पर नहीं है। आसपास तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात व्यक्ति उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

सारागांव थाने में मामला दर्ज कर मोबाइल लोकेशन ट्रेस किया जा रहा था। इसी दौरान सक्ति जिले जैजैपुर क्षेत्र में लोकेशन मिलने पर पुलिस टीम पहुंची और नाबालिग लड़की को आरोपी युवक के कब्जे से बरामद किया। आरोपी समीर कुमार को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने की बात स्वीकार की, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### वार्षिकोत्सव से लौटा और फंदे पर झूला छात्र

**बिलासपुर।** 12वीं कक्षा के छात्र ने फंासी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसके आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। सुसाइड करने से पहले वो स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में गया था, जहां परिजनों से बात हुई थी। तब छात्र ने छुट्टी पर घर जाने के बजाए पढ़ाई करने की बात कही थी। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ निवासी वैभव साहू (18) संदीपनी पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र था। वो यहां टिकरापारा में किराए पर रूम लेकर रहता था।

परिजनों ने बताया कि, शनिवार को उसके स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन था। जिसमें शामिल होने के लिए वैभव स्कूल गया था। फिर रात में घर आकर उसने फांसी लगा ली। परिजनों ने बताया कि, शनिवार को जब वो स्कूल में था, तब उनकी बात हुई थी। जिसके बाद रात करीब 10 बजे उन्होंने वैभव के मोबाइल पर फोन लगाया। लगातार घंटी बज रही थी। लेकिन, उसका फोन रिसीव नहीं हुआ। इससे घबराए परिजन पामगढ़ से बिलासपुर उसके रूम आ गए। यहां पता चला कि उसकी लाश फंदे पर लटक रही है। उन्होंने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी।

## बीजापुर में एनकाउंटर : 3 नक्सली ढेर



### सीएम साय बोले- नक्सलवाद के खात्मे के अभियान को मिल रही सफलता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले रविवार को सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षा बल की टीम ने नक्सली विरोधी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान रविवार की सुबह नेशनल पार्क क्षेत्र में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के ढेर होने की खबर है। वहीं इस मुठभेड़ के बाद सीएम साय ने कहा कि नक्सलवाद के खात्मे के अभियान को सफलता मिल रही है।

जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ में अब तक तीन नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद हुए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। भोपालपटनम के मद्देड़ इलाके में बन्देपारा-कोरणजेड के जंगलों में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। सुबह से रुक-रूककर गोलीबारी हो रही है। पुलिस ने इस मुठभेड़ की पुष्टि की है। पुलिस का कहना है कि बताया कि सुरक्षा बल सर्च अभियान में जुटे हुए हैं और विस्तृत जानकारी अभियान समाप्त होने के बाद साझा की जाएगी।

#### सीएम साय ने एक्स पर किया पोस्ट

बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ आज हुई मुठभेड़ में अब तक 3 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। जवानों के अदम्य साहस को नमन करता हूं। नक्सलवाद के पूर्णतः खात्मे के लिए हमारे अभियान को मिल रही यह सफलता, मार्च 2026 तक देश-प्रदेश से नक्सलवाद को समाप्त करने के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को मजबूती प्रदान करती है। बस्तर संभाग में शांति एवं खुशहाली की स्थापना हेतु डबल इंजन की सरकार दृढ़ संकल्पित है।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर करोड़ों के जमीन का फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले महिला सहित 3 गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मंदिर हसौद माना कैंप रोड पेट्रोल पंप के पहन. पांच एकड़ जमीन को खरीदने महिला आरोपी ने स्वयं को विक्रेता बताकर बेचने के फर्जी दस्तावेज तैयार कर करोड़ो रुपये के जमीन का फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले महिला सहित 3 आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

शंकर नगर रायपुर निवासी प्रवीण अग्रवाल ने थाना मंदिर हसौद में रिपोर्ट दर्ज कराया था। प्रार्थिया तथा उसकी भाभी जिला मुंगेली निवासी पुष्पा सारथी का जमीन मंदिर हसौद माना कैंप रोड पेट्रोल पंप के पहन. पांच एकड़ जमीन को खरीदने 13 दिसंबर 24 के दोपहर करीबन 12.30 बजे सौदा किया गया था। जिसका प्रार्थिया एवं उसकी भाभी 20 दिसंबर 24 के शाम करीबन 4 बजे नया रायपुर स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में रजिस्ट्री कराने पहुँचे थे। रजिस्ट्री प्रार्थिया तथा श्रीमती संगीता अग्रवाल के संयुक्त नाम से दो भाग में



किया जाना था। एक रजिस्ट्री खसरा नंबर 1230/2, 1236/1, व 1236/2, कुल रकबा 0.858 हेक्टेयर का 96 लाख रूपये में व दूसरी रजिस्ट्री खसरा नं. 1236/3, 1236/5, 1237/3. 1282/1 कुल रकबा 1.164 हेक्टेयर 01 करोड़ 21 लाख रुपये में होना तय हुआ। रजिस्ट्री कार्यालय में पहली बार प्रार्थिया से भूस्वामी पुष्पा सारथी के नाम से एक महिला से परिचय हुआ था। वहाँ प्रार्थिया ने पुष्पा सारथी से बात भी किया तो उसने जमीन स्वयं का होना तथा तय किये गये रकम में अपनी सहमति होना बताया था।

पहली रजिस्ट्री खसरा नंबर 1230/2, 1236/1, व 1236/2 कुल रकबा 0.858 हेक्टेयर के लिये 96 लाख रूपये के चेक पुष्पा सारथी के नाम से दिये गये। जिसके माध्यम से पुष्पा सारथी ने चैक में उल्लेखित रकम को अपने खाते में स्थानांतरण करा लिया था। एवं दूसरी रजिस्ट्री खसरा नं. 1236/3, 1236/5, 1237/3, 1282/1 कुल रकबा 1.164 हेक्टेयर के लिये 01 करोड़ 21 लाख का चेक दिया गया। चेक प्राप्त करने के बाद रजिस्ट्री की प्रक्रिया हुई अनुराग श्रीवास्तव और मुरली गजवानी द्वारा विक्रेता श्रीमती पुष्पा सारथी के रूप में जिस महिला का परिचय कराया गया था उसने विक्रेता के रूप में हस्ताक्षर किये तथा क्रेता के रूप में प्रार्थिया एवं उसकी भाभी ने हस्ताक्षर किये। विक्रेता पुष्पा सारथी के रूप में वहीं उपस्थित महिला द्वारा पुष्पा सारथी के नाम का आधार कार्ड, पेन कार्ड भी प्रस्तुत किया था जो रजिस्ट्री में संलग्न है। आधार और पेन कार्ड की फोटो का उस महिला से मिलान भी हो रहा था, इसलिए संदेह का कोई औचित्य नहीं था। 9 जनवरी 2025 को प्रार्थिया को ज्ञात हुआ कि पुष्पा सारथी नाम की कोई महिला नहीं है जिस महिला ने रजिस्ट्री की है वह फर्जी है। जो महिला पुष्पा सारथी के नाम से रजिस्ट्री की है वह फर्जी है उसका असली नाम देवंतीन वर्मा है जो वार्ड क्रमांक 16 सन्यासी पारा गुढियारी में रहती है रूकनुद्धीन खान और बीरगांव का सतीश सिन्हा महिला के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर रजिस्ट्री करवाये है। इस प्रकार देवंतीन वर्मा, रूकनुद्धीन खान, सतीश सिन्हा व अन्य लोगो के द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्रार्थीया से जमीन की बिक्री का रजिस्ट्री कर उसके साथ ठगी किया गया है। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध मंदिर हसौद में पुलिस ने 318(4), 336(3), 340(2), 338, 3(5) बी.एन.एस. अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू किया। उनके छिपने के हर ठिकानों में रेड करते हुए आरोपी देवंतीन वर्मा, सतीश कुमार सिन्हा तथा रूकनुद्दीन उर्फ रूक्कु को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में तीनों ने फर्जी ऋण पुस्तिका एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज बनाकर ठगी करना बताया। उनसे फर्जी रजिस्ट्री पेपर, आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका, पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेज जप्त किए गए।

## दाल मिल में लगी भीषण आग

**बलौदाबाजार।** जिले में एक दाल मिल में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की टीम के साथ स्थानीय लोग भी आग बुझाने में जुट गए। आगजनी से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है। फिलहाल, आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका हैजानकारी के मुताबिक, भाटापारा के सूरजपुर रोड स्थित शीतल पल्सेस दाल मिल में सुबह-सुबह भीषण आग लग गई। लोगों ने धुआं निकलते देख घटना की सूचना मिल मालिक सुरेन्द्र राकु मंधान को सूचना दी। आगजनी से मिल में बोरियों में रखा दाल और बेसन जलकर खाक हो गया है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मचारियों के साथ स्थानीय लोग और भाटापारा ग्रामीण पुलिस जुटे हैं।















# अडानी समूह ऊर्जा और सीमेंट क्षेत्र की विस्तार परियोजनाओं में 65 हजार करोड़ का करेगा निवेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीगसढ़ में बिजली संयंत्रों व सीमेंट संयंत्रों के विस्तार के लिए अदानी समूह ने हाथ बढ़ाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज यहां उनके निवास में अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान गौतम अडानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की दूरदर्शी व पारदर्शी नीतियों ने उद्योगपतियों का भरोसा जीता है, जिसके फ्लस्वरूप रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में पावर प्लांट्स के विस्तार के लिए अडानी समूह की 60 हजार करोड़ रुपए के निवेश की योजना है। इस परियोजना से छत्तीसगढ़ की विद्युत उत्पादन क्षमता में अतिरिक्त 6,120 मेगावाट की वृद्धि होगी। ऊर्जा के क्षेत्र में इस बड़े विस्तार से राज्य न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि अन्य राज्यों को ऊर्जा आपूर्ति में भी मदद करेगा।**



चर्चा के दौरान सीमेंट उद्योग में भी निवेश को बढ़ावा देने को लेकर बात हुई। अडानी समूह ने राज्य में सीमेंट प्लांट्स के विस्तार के लिए 5 हजार करोड़ रुपए के निवेश पर सहमति व्यक्त की। इससे छत्तीसगढ़ में सीमेंट उद्योग को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री और अडानी की मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ में रक्षा उपकरण निर्माण, डेटा सेंटर और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। सरकार की पहल राज्य को उभरते उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनाना है। वर्तमान समय की जरूरतों को देखते हुए नवाचारी गतिविधियों को बढ़ावा देने के संबंध में भी विचार साझा किए गए।

### तकनीकी शिक्षा पर विशेष जोर

अडानी समूह युवाओं में रोजगार आधारित कौशल विकास के लिए काम करेगा। इससे तकनीकी कौशल आधारित मानव संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता होगी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में भविष्य की जरूरतों के अनुसार पाठ्यक्रम को डिजाइन किया जाएगा ताकि स्थानीय युवाओं को पर्याप्त अवसर मिले। साथ ही अडानी समूह छत्तीसगढ़ में शिक्षा और कौशल विकास को नई दिशा देने के लिए स्किलिंग एक्सीलेंस स्कूल और नवा रायपुर में प्रीमियम स्कूल की स्थापना करेगी। यह पहल राज्य में युवाओं और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अत्याधुनिक कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध होगा।

### छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अडानी समूह 10 हजार करोड़ का निवेश

गौतम अडानी ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री साय के सुझाव पर अडानी समूह द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य में अगले चार वर्षों में लगभग 10 हजार करोड़ का व्यय सीएसआर एवं अन्य स्त्रोतों से किया जाएगा। यह पहल राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएगी।

### स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देने पर होगा काम

इसके साथ अडानी समूह स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार देने पर भी काम करेगा जिससे छत्तीसगढ़ के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके । एम्स रायपुर और मेकाहारा अस्पताल के पास मरीजों के परिजनों के लिए 1000 बेड डॉर्मिटरी की सुविधा भी शुरू की जाएगी।

### पर्यटन और ग्रामीण विकास परियोजनाओं को मिलेगी गति

अडानी समूह छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाने नई परियोजनाओं पर काम करेगा। इससे प्राकृतिक सौंदर्य और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को विश्व स्तर पर पहचान मिल सकेगी। इसी तरह ग्रामीण विकास के अंतर्गत सुविधाओं को विस्तार देने पर भी काम किया जाएगा।

---

राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आगाज

# युवा शक्ति के हाथों ही खड़ी होगी विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की बुलंद इमारत : मुख्यमंत्री साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद की पुण्यस्थली रही है। स्वामी विवेकानंद जी ने किशोरावस्था के अपने दो बरस यहां डे भवन में व्यतीत किये। जब कोई हवाई मार्ग से रायपुर आता है तो उसे विमानतल का नाम स्वामी विवेकानंद के नाम पर देखकर महसूस हो जाता है कि इस शहर का संबंध स्वामी विवेकानंद से रहा होगा। वहां से शहर के सबसे सुरम्य स्थल विवेकानंद सरोवर तक हर जगह स्वामी विवेकानंद के प्रति इस शहर का आदर नजर आता है।**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वामी विवेकानंद जी की जयंती ''राष्ट्रीय युवा दिवस'' के अवसर पर साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य युवा महोत्सव के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में स्वामी विवेकानंद जी की बड़ी भूमिका है। उन्होंने 1893 में शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में जो ऐतिहासिक वक्तव्य दिया, उससे पूरी दुनिया भारतीय चिंतन के आगे नतमस्तक हो गई। स्वामी जी ने अपने संबोधन की शुरूआत अमेरिकन भाइयों एवं बहनों से की। यह वसुधैव कुटुम्बकं के भारतीय दर्शन के अनुरूप था।

### दिल्ली के यूथ हास्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 185

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने दिल्ली के यूथ हास्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 185 कर दी है ताकि यहां बेहतर कोचिंग कर युवा यूपीएससी परीक्षा क्लियर कर सकें। हमने व्यापम की परीक्षाओं का वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया है। तय समय पर परीक्षा होगी। इसके साथ ही हम विभागों के रिक्त पदों को भरने की भी कार्रवाई तेजी से कर रहे हैं। हमने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया है। यह शिक्षा नये जमाने के रोजगार के लिए युवाओं को तैयार करेगी। मुख्यमंत्री ने नई औद्योगिक नीति का जिक्र करते हुए कहा कि हमने नई उद्योग नीति में इस बात का पूरा ध्यान रखा है कि स्थानीय युवाओं को अधिकतम संख्या में रोजगार मिले। इसके लिए हम उन उद्योगों को विशेष अनुदान सहायता प्रदान करेंगे जो 1 हजार अथवा इससे अधिक स्थानीय युवकों को रोजगार देंगे। प्रदेश में अगले पांच सालों में ढाई लाख करोड़ निवेश होने की संभावना है जिससे पांच लाख नये रोजगार के अवसरों का सृजन होगा।

### छत्तीसगढ़ में खेलों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने बस्तर ओलंपिक का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें बस्तर संभाग के 1 लाख 65 हजार प्रतिभाओं ने हिस्सा लिया। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी मन की बात कार्यक्रम में इस आयोजन की भरपूर प्रशंसा की। छत्तीसगढ़ में खेलों के विकास के लिए भी हम प्रतिबद्ध हैं और इसके लिए तेजी से अधोसंरचना खड़ी कर रहे हैं और खिलाड़ियों की ट्रेनिंग की पुख्ता व्यवस्था करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अभी युवा महोत्सव चल रहा है और वहां भी हमारे अनेक युवा साथियों को आमंत्रित किया गया है। प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा की धूम पूरे देश-दुनिया में हैं। आप पूरे उमंग से काम करिये। विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को पूरा करने हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं। आपकी भागीदारी से निश्चित ही हम यह लक्ष्य हासिल करेंगे।

### विवेकानंद ने देश और दुनिया में युवाओं को दी नई पहचान

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं को उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए का प्रेरक संदेश दिया। स्वामी विवेकानंद ने देश और दुनिया में युवाओं को नई पहचान दी। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति की बदौलत वर्ष 2047 तक छत्तीसगढ़ देश के विकसित राज्यों में से एक होगा। महोत्सव को उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने भी सम्बोधित किया। समारोह में खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, विधायकगण राजेश मूणत, गुरू खुशवंत साहेब, छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में प्रदेशभर से आए युवा और आम नागरिक उपस्थित थे।

### स्टार्टअप की छत्तीसगढ़ में बड़ी संभावना

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवा बहुत प्रतिभावान हैं। उनके भीतर अनूठे विचार हैं। स्टार्टअप की छत्तीसगढ़ में बड़ी संभावना है। हम इसे प्रोत्साहित कर रहे हैं। हम कोवर्किंग स्पेस बना रहे हैं जहां बेहद कम खर्च में स्टार्टअप आरंभ करने की इच्छा रखने वाला युवा अपना सेटअप स्थापित कर सकता है। आईटी सेक्टर को विशेष रूप से हम प्रेरित कर रहे हैं। नवा रायपुर में तेजी से आईटी कंपनियां अपने यूनिट आरंभ कर रही है। शीघ्र ही नवा रायपुर नये आईटी हब के रूप में स्थापित होगा।

### युवा शक्ति के हाथों ही विकसित भारत

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि युवा शक्ति के हाथों ही विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की बुलंद इमारत खड़ी होगी। हमारे युवा हमारे प्रदेश के भविष्य हैं। युवाओं की शक्ति और संकल्प के बूते ही हम प्रदेश के नवनिर्माण की राह पर तेजी से बढ़ रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार के दौरान भर्तियों में जिस तरह से घोटाला हुआ, उसके चलते हमारे युवाओं का मनोबल पूरी तरह से टूट चुका था। हमने वायदा किया था कि पीएससी घोटाले की जांच कराएंगे। हमने इसकी जांच सीबीआई को सौंपी। सीबीआई ने इस मामले में प्रभावी कार्रवाई की है। पीएससी परीक्षा में युवाओं का भरोसा लौट आया है।

### पीएससी की पारदर्शिता बढ़ाने के लिए अनेक उपाय

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता से आयोजित हुईं। जब रिजल्ट आया तो मैंने टापर्स को सम्मानित करने बुलाया। उनके चेहरे में संतोष था। उन्होंने मुझे बताया कि पीएससी के भ्रष्टाचार से वे सब टूट चुके थे, नई सरकार ने जिस तरह से भ्रष्टाचार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाइयां की, उससे उनका भरोसा सिस्टम में लौट आया। युवा परीक्षाओं की तैयारी तभी बेहतर तरीके से कर पाते हैं जब उन्हें महसूस होता है कि परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होगी। हमने पीएससी की पारदर्शिता बढ़ाने के लिए अनेक उपाय किये हैं। पीएससी की परीक्षा को यूपीएससी के पैटर्न पर हम आयोजित करने जा रहे हैं। इससे प्रदेश के युवाओं का चयन केंद्रीय सेवाओं में भी अधिकाधिक संख्या में हो सकेगा।

---

# आज के छात्र ही कल के नागरिक स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित हों युवा- राज्यपाल रमेन डेका




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राष्ट्रीय युवा दिवस पर नई दिल्ली के रामकृष्ण मिशन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक विचारों से सीखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों और कार्यों से भारतीय युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है।**

कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के विचारों को साझा करते हुए उन्होंने कहा, आज के युवा आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सकते हैं। स्वामीजी ने कहा था, 'दुनिया को चरित्र की आवश्यकता है। वह चरित्र जो प्रेम और नि:स्वार्थता से परिपूर्ण हो। ऐसा प्रेम हर शब्द को बिजली की तरह प्रभावी बना देता है।'

राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद द्वारा युवाओं के लिए दिए गए आह्वान का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था, एक लाख पुरुष और महिलाएँ, जो पवित्रता, साहस और सेवा की भावना से परिपूर्ण हों, देश के कोने-कोने में जाकर समाजोन्नति और समानता का संदेश फैलाएँ।

कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के शिकागो धर्म संसद में दिए गए ऐतिहासिक भाषण की भी चर्चा की, जिसने पूरी दुनिया को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता की शक्ति का एहसास कराया।

श्री डेका ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, भारत एक युवा राष्ट्र है और इसे सही दिशा में ले जाने के लिए युवाओं की ऊर्जा को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरित करना आवश्यक है। उनकी शिक्षाएँ हमें न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए प्रेरित करती हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी का बोध भी कराती हैं। कार्यक्रम में भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि, सांसद बांसुरी स्वराज, भारतीय खाद्य निगम के महानिदेशक आशुतोष अग्निहोत्री, रामकृष्ण मिशन, नई दिल्ली के सचिव स्वामी सर्वलोकानंद भी उपस्थित रहे।

---

# युवा महोत्सव में युवा कलाकारों ने बिखेरी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक छटा, लेजर शो में दिखी भारत के प्रगति की झलक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में चल रहे छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव के प्रथम दिन अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की संघर्ष गाथा पर आधारित नाटक 'मैं अयोध्या हू का मंचन किया गया। इस जीवंत प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। इसके साथ ही आकर्षक लेजर शो के माध्यम से पिछले एक दशक में भारत की विकास यात्रा की झांकी प्रस्तुत की गई।**





छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव 2024-25 के प्रथम दिन आयोजित संगीतमय नाट्य प्रस्तुति 'मैं अयोध्या हूं' ने दर्शकों को अयोध्या नगरी की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महिमा से अवगत कराया। भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या में भव्य मंदिर के निर्माण और रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा तक की गौरवशाली गाथा को इस कार्यक्रम में जीवंत किया गया। मुंबई से आए प्रसिद्ध कलाकार प्रदीप गुप्ता और उनकी टीम ने नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। इस भव्य प्रस्तुति में इसे सतयुग से लेकर कलयुग तक की यात्रा के रूप में प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। संगीतमय संवाद, मनमोहक नृत्य और उत्कृष्ट अभिनय ने दर्शकों को अभिभूत कर दिया।

### युवाओं ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा

छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा भी युवाओं ने बिखेरी। सुप्रसिद्ध लोकगायिका सुश्री आरु साहू ने सुमधुर छत्तीसगढ़ी लोक गीतों की प्रस्तुति दी। इसके अलावा कार्यक्रम में गौरा-गौरी, राउत नाचा, पंथी गीत नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। युवा कलाकारों ने छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध संत बाबा गुरू घासी दास जी के संदेशों पर आधारित पंथी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। दर्शकों ने सुश्री आरू साहू के द्वारा प्रस्तुत ददरिया को सराहा। युवा महोत्सव में युवाओं के लिए कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, कविता पाठ के आयोजन के साथ ही विज्ञान मेला का भी आयोजन किया गया।

### युवाओं के लिए क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन

युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी के साथ ही युवाओं के लिए क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा हस्तशिल्प, टैक्सटाइल और कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक दशक में किए गए विकास कार्यों और लोक कल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों एवं छत्तीसगढ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव के सुशासन के एक वर्ष में जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को लेज़र शो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950